


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 33 | ग्वालियर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## बहराइच हिंसा में युवक की मौत के बाद बवाल, 4-5 घरों में आगजनी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान युवक की मौत पर जमकर बवाल हुआ। लगभग पांच हजार लोगों ने चारपाई में शव लेकर तहसील महसी में धरना प्रदर्शन किया। धरने के लिए पहुंचे लोगों के हाथ में लाठी-डंडे भी थे। ऐसे में जमकर आगजनी हुई। 4-5 घरों के अलावा शो रूम, अस्पताल और कई गाड़ियों को आग के हवाले किया गया। हालांकि, विधायक सुरेश्वर सिंह के आश्वासन पर महसी तहसील गेट पर प्रदर्शन कर रहे मृतक के परिजन अंतिम संस्कार करने के लिये राजी हो गए। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे। इस मामले में 30 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है।

बहराइच जिले के महाराजगंज बाजार में रविवार को विसर्जन के दौरान पथराव और आगजनी के बाद गोली कांड में युवक की मौत हो गई थी। राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में पथराव और आगजनी हुई थी। इसके बाद योगी सरकार एक्शन में आई और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही बहराइच की सीमाएं सील कर दी गई हैं। बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात है ताकि यहां आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा सके और किसी अराजक तत्व को





जिले में प्रवेश न मिले। मामला शांत होने तक जिले की सीमाओं पर पुलिस तैनात रह सकती है। रेहुआ मसूर गांव के लोग मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर विसर्जन के लिए जा रहे थे। इस बीच दूसरे समुदाय के व्यक्ति ने डीजे की तेज आवाज को लेकर शिकायत की और तनाव बढ़ गया। मामला बढ़ने पर पत्थरबाजी होने लगी और आगजनी भी हुई। इस दौरान पुलिसकर्मी हालात काबू में नहीं कर सके और हालात बिगड़ते गए। पत्थरबाजी और आगजनी के बाद गोलीबारी भी हुई, जिसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा घायल हुए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। राम गोपाल की मौत के बाद मामला और बढ़ गया है। हजारों की संख्या में गांव के लोग उनका शव लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथ में लाठी-डंडे भी हैं। उन्होंने अस्पताल और शो रूम में आगजनी की है। घरों को भी आग के हवाले किया गया है और कारों में भी आग लगाई गई है। धरना प्रदर्शन के लिए निकले लोगों की तुलना में पुलिसकर्मियों की संख्या बेहद कम है। लिहाजा पुलिस हालात को काबू करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि, इस मामले में 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है और एफआईआर भी हो चुकी है, जिसमें छह नामजद आरोपी हैं। योगी आदित्यनाथ ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कहते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## मूर्ति विसर्जन जुलूस में हंगामा; सीतापुर से बहराइच जाने वाले वाहनों को रोका

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान बवाल होने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है। बहराइच बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सीतापुर से बहराइच जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। बहराइच में मामला शांत होने तक दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों पर रोक रह सकती है। बहराइच में जुलूस के दौरान हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद प्रशासन हालात काबू में रखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। यूपी के बहराइच जिले में प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान विशेष समुदाय के लोगो द्वारा की गई पत्थरबाजी और आगजनी-फायरिंग में हुई एक की मौत के बाद हुए बवाल का असर सीतापुर में भी देखने को मिला। जिसे लेकर सीतापुर-बहराइच सीमा को पूरी तरह सील कर दिया गया इतना ही नही भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात कर दिया गया। सीओ बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ला व सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। नाकेबंदी की दौरान न तो किसी वाहन को बहराइच जाने की अनुमति थी और न ही बहराइच से सीतापुर में आने की। पुलिस ने बेरिकेटिंग करके रास्ते को पूरी तरह सील कर दिया था। माना जा रहा है की जब तक बहराइच में भड़की हिंसा की आग जबतक शांत नहीं हो जाती है तब तक दोनों जिले को जोड़ने वाली सीमा को सील ही रखा जाएगा।

## महाराष्ट्र में डीसीपी के इकलौते बेटे ने की खुदकुशी

छत्रपति संभाजीनगर- महाराष्ट्र में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) शीलवंत नांदेड़कर के 17 वर्षीय इकलौते बेटे साहिल ने खुदखुशी कर अपनी जान दे दी है। इस घटना की जानकारी मिलने पर आसपास में हड़कंप जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। साहिल ने अपने पीछे एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जानकारी के मुताबिक, साहिल ने रविवार की सुबह छत के पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। वह एचएससी (12वीं) की पढ़ाई कर रहा था और साथ ही आईआईटी एंटेंस की तैयारी भी कर रहा था। शुक्रवार को परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ दशहरा मनाने के बाद, साहिल ने स्नेहनगर इलाके में स्थित जिज्ञासा बंगले में अपने माता-पिता के साथ खाना खाया और थोड़ा मस्ती मजाक भी किया। फिर आधी रात के बाद, उसने अपने माता-पिता से कहा कि वह पढ़ने के लिए अपने बेडरूम में जा रहा है और चला गया। जब रविवार सुबह करीब 6 बजे डीसीपी नांदेड़कर सुबह की सैर के लिए उठे और हमेशा की तरह अपने बेटे को जगाने गए।

## चलती बस के नीचे गई बाइक और घिसटने से लगी आग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर में एक बाइक स्लिप होने के चलते बस जलकर खाक हो गई। पहली बार पढ़ने में यह अजीब लग सकता है, लेकिन ठीक ऐसा ही हुआ है। जयपुर में मालपुरा गेट इलाके में चौरड़िया पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर रात एक बाइक स्लिप होकर बस के नीचे घुस गई। बस चल रही थी और उसने नीचे फंसी बाइक घिसटती रही तो आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने बाइक और बस को चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल ने पानी डालकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक दोनों वाहन जलकर खाक हो चुके थे। दुर्घटना के बाद बाइक और बस चालक का पता नहीं है। कहा जा रहा है कि दोनों अपने वाहन छोड़कर मौके से भाग गए। हालांकि, यह साफ नहीं हुआ है कि जब बाइक फिसलकर बस के नीचे गई, तब बाइक चालक कहां था और उसकी जान कैसे बची। हादसे का शिकार हुई बस जयपुर से फर्रुखाबाद के बीच चलने वाली बताई जा रही है। हादसे के



वक्त बस चालक सहित 4 लोग बस में सवार थे। जानकारी के अनुसार समय समय रहते सभी लोग बस से उतर गए और किसी को नुकसान नहीं हुआ। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में रविवार सुबह गीता जयंती एक्सप्रेस ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग गई थी।

## न्यूज ट्रैक

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की सुरक्षा में बदलाव किया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास गुट) के प्रमुख को गृह मंत्रालय ने कैटेगरी की सुरक्षा दी है। इससे पहले चिराग को स्स्क्रके कमांडो की सुरक्षा मिली हुई थी। हालांकि, जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी मिलने के साथ ही अब उन्हें जवान सुरक्षा देंगे। दरअसल, ये बदलाव की थ्रेट रिपोर्ट के बाद किया गया है। भारत में गृह मंत्रालय किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा देने का निर्णय लेता है। चिराग पासवान की सुरक्षा में कुल 33 सुरक्षागार्ड तैनात रहेंगे। इनके साथ ही 10 आर्म्ड स्टैटिक गार्ड वीआईपी के घर पर रहेंगे। इसके अलावा 6 राउंड द क्लॉक पीएसओ, तीन शिफ्ट में आर्म्ड स्कॉर्ट के 12 कमांडो, वाचर्स शिफ्ट में 2 कमांडो और 3 ट्रेंड ड्राइवर राउंड द क्लॉक मौजूद रहेंगे। चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय हालिया घटनाओं के आधार पर लिया गया है। कैटेगरी सुरक्षा में विशेष प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती होती है। यह सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे उपलब्ध रहती है। हाल ही में चिराग पासवान की राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। उनकी पार्टी और समर्थकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। भारत सरकार की ओर से देश के कुछ लोगों को सिक्योरिटी दी जाती है। मुख्य तौर पर गृह मंत्रालय की ओर से सिक्योरिटी दी जाती है। इसके अलावा एक एसपीजी सिक्योरिटी होती है, जो सिर्फ देश के प्रधानमंत्री को मिली है। एसपीजी एक अलग फोर्स की तरह है, जो सिर्फ प्रधानमंत्री को कवर करती है। यह देश में सुरक्षा श्रेणियों का उच्चतम स्तर है। कुछ स्थितियों में पीएम के परिवार को भी इसी सुरक्षा घेरे में रखा जाता है।

### जेड श्रेणी की सुरक्षा में कितने जवान होते हैं तैनात



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी है। इस जेड श्रेणी की सुरक्षा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के तैनात रहेंगे। राज्यपाल बनने से पहले थावर चंद गहलोत मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री थे। अभी तक चिराग पासवान की सिक्योरिटी में केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सशस्त्र सीमा बल का एक छोटा सा दल उनकी सुरक्षा में तैनात था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा संभालने वाली इकाई को पासवान को 'जेड श्रेणी' की सुरक्षा देने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि नया सुरक्षा दल देशभर में मंत्री की आवाजाही को कवर करेगा। सीआरपीएफ के जवान कई वीआईपी की सुरक्षा में तैनात है। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं। बता दें कि वीआईपी सुरक्षा कवर वर्गीकरण में 'जेड प्लस' को सर्वोच्च माना जाता है। इसके बाद 'जेड', 'वाई प्लस' और 'एक्स' श्रेणी की सुरक्षा आती है। ' श्रेणी की सुरक्षा में 22 से 24 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं, जिनमें शार्पशूटर्स और प्रशिक्षित कमांडो शामिल होते हैं।

### एयर इंडिया के बाद इंडिगो की 2 फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के बाद अब इंडिगो की दो फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आनन-फानन में इन फ्लाइट्स की सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई है। पहली फ्लाइट मुंबई से जेद्दाह जा रही थी, जिसका नंबर 6श्व56 है इसको बम से उड़ने की धमकी दी गई है। वहीं, दूसरी धमकी मुंबई से मस्कट जा रही फ्लाइट नंबर 6श्व1275 को दी गई है। आनन-फानन में दोनों फ्लाइट्स की सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, इंडिगो के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा है कि मुंबई से मस्कट जाने वाली फ्लाइट 6श्व 1275 को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रोटोकॉल के अनुसार, फ्लाइट को एक अलग खाड़ी में ले जाया गया, और मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए, अनिवार्य सुरक्षा जांच तुरंत शुरू की गई है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याः जीशान अख्तर के डॉजियर से बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में फरार चल रहे जीशान अख्तर को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जीशान अख्तर के डॉजियर से खुलासा हुआ है कि उसका सीधा कनेक्शन लॉरेंस गैंग से है। जीशान का जो डोजियर सामने आया है उसमें लॉरेंस गैंग के सौरव महाकाल का नाम भी है। बता दें कि पंजाब में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में सौरव महाकाल का नाम भी सामने आया था। सौरव महाकाल लॉरेंस गैंग का ऐक्टिव मेम्बर है और अनमोल बिश्नोई का खास गुर्गा है।

पंजाब के रहने वाले ज़ीशान अख्तर के बारे में बताया जा रहा है कि इसका असली नाम मोहम्मद यासिन अख्तर है। लोग इसे जुल्मी उर्फ जेसी उर्फ जस्सी उर्फ सिकंदर के नाम से भी जानते हैं। जीशान के गैंग में 22 से ज्यादा मेम्बर हैं। मर्डर, डकैती, फिरौती समेत इसपर 7 मुकदमें दर्ज हैं। 2022 में ये हत्या के केस में गिरफ्तार हुआ था, इसके बाद पटिलाया जेल में उसकी लॉरेंस गैंग के सदस्यों से मुलाकात हुई थी। पुलिस सूत्रों के जेल





से छूटने के बाद जीशान सबसे पहले हरियाणा के कैथल में गुरमेल के घर गया था। वहां से भी ये दोनों मुंबई चले गए थे। बताया जा रहा है कि मुंबई में किराए पर घर समेत दूसरे लॉजिस्टिक का इंतज़ाम ज़ीशान ने ही किया था। जीशान अख्तर लंबे वक्त तक लॉरेन बिश्नोई के खासमखास रहे कुख्यात गैंगस्टर विक्रम बराड़ के साथ संपर्क में भी था। विक्रम बराड़ वही गैंगस्टर है जो राजस्थान के हनुमानगढ़ से ताल्लुक रखता है और उसे बीते साल प्रत्यर्पण कर,श्व से भारत लाया गया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ साल पहले जीशान के घरवालों के साथ कुछ मारपीट की गई थी जिसका बदला लेने के लिए उसे बिक्रम बराड़ का साथ मिला था। तब विक्रम बराड़ ने उस वक्त जीशान की मदद की थी और बदले में जीशान को पंजाब में कुछ टारगेट दिए गए थे तब जीशान ने विक्रम बराड़ के लिए पंजाब में कुछ फायरिंग की वारदातों को अंजाम दिया था। जीशान से विक्रम बराड़ की नजदीकियां और विक्रम बराड़ का लॉरेन्स के साथ पुराना गठजोड़ ये साबित करता दिख रहा है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ही है। बता दें कि सलमान खान के घर के बाहर धमकी के खत मिलने के मामले में भी पकड़े गए कुछ आरोपी भी विक्रम बराड़ से जुड़े हुए थे।

## समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में आपस में भिड़े कार्यकर्ता

**नई दिल्ली।** अयोध्या में समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। अयोध्या सर्किट हाउस में समाजवादी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं में नोक झोंक हुई। इस दौरान यहां हुई गाली गलौज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सर्किट हाउस के बाहर फोटो खींचने को लेकर महिला कार्यकर्ता से भी बदसलूकी की गई।



समाजवादी पार्टी के नेता पहले भी अनुशासन तोड़ चुके हैं। कई नेताओं पर गंभीर आरोप लगे हैं और वह इन मुकदमों में जेल में भी बंद हैं। अयोध्या की संसदीय सीट फैजाबाद से जीत हासिल करने के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बेहद खुश हैं। हालांकि, मोईद खान पर सामूहिक दुष्कर्म के आरोप लगने के बाद पार्टी की जमकर किरकिरी हुई थी। इस मामले में उनका डीएनए नहीं मैच होने पर सपा और कांग्रेस ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 71 साल के मोईद खान को आरोपी बनाया गया था। सरकार ने कार्रवाई करते हुए उनकी बेकरी और घर भी तोड़ दिया था। बाद में अदालत ने डीएनए रिपोर्ट की मांग की, जिसमें मोईद खान के नौकर राजू खान का डीएनए पीड़िता के भ्रूण से मैच हुआ। इस मामले में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ था और वह गर्भवती हो गई थी। हालांकि, बाद में उसका गर्भपात हो गया। इस मामले में ही मोईद खान को मुख्य आरोपी बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

## मुंबई में किसी भी कोने से कार-बाइक की एंट्री बिल्कुल फ्री

महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दो अहम फैसले लिए हैं। मुंबई के पांच टोल नाका पर लाइट मोटर व्हीकल का टैक्स माफ कर दिया गया है। यह फैसला सोमवार (14 अक्टूबर) रात 12 बजे से लागू होगा। इसके साथ ही महाराष्ट्र स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का फैसला किया गया है। यह यूनिवर्सिटी अब रतन टाटा के नाम से जानी जाएगी। लाइट मोटर व्हीकल की श्रेणी में कार, बाइक, ऑटो, वैन, पिकअप और मिनी ट्रक शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री दादा भूसे ने बताया ÷महाराष्ट्र सरकार की मंत्रिमंडल बैठक में आज एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। मुंबई के पांच टोल नाकों (वाशी, ऐरोली, मुलुंड , ठाणे ,दहिसर) पर लाइट व्हीकल का टोल माफ किया है। इन टोल पर 45 रुपए और 75 रुपए का शुल्क लगता था, यह 2026 तक लागू था। इन रास्तों पर करीब 3.5 लाख वाहन आते-जाते थे। इनमें करीब 70 हजार भारी वाहन थे और 2.80 लाख हल्के वाहन थे। रात 12 बजे से यह फैसला लागू होगा। तकरीबन 2 लाख 80 हजार कार या उससे छोटे वाहनों को इस टोल माफी का फायदा



होगा। लंबे समय से लोगो की मांग थी कि टोल माफ किया जाए और लोगो की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने टोल माफी का निर्णय लिया है।

दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के सम्मान में महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। महाराष्ट्र स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी को अब रतन टाटा के नाम से जाना जाएगा। रतन टाटा के निधन के बाद महाराष्ट्र सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार भी करवाया था। नौ अक्टूबर (बुधवार) को देर रतन टाटा का निधन हो गया था। वह 86 वर्ष के थे। रतन टाटा ने अपना पूरा जीवन देश को बेहतर करने और भारत को नई पहचान दिलाने में लगा दिया। इस वजह से उनके निधन के बाद उनकी स्मृति में यह फैसला लिया गया है। महाराष्ट्र में अगले महीने चुनाव पूरे होने हैं। ऐसे में जल्द ही चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आज (14 अक्टूबर, सोमवार) के दिन ही चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की घोषणा कर सकता है। इससे ठीक पहले शिंदे सरकार ने यह अहम फैसला लिया है। महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है और चुनाव आयोग का कहना है कि इससे पहले राज्य में चुनाव पूरे हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को महाराष्ट्र में तगड़ा झटका लगा था। वहीं, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहिन योजना से लेकर टोल टैक्स माफ करने तक कई तरीके अपनाए हैं।

# बच्चीयों के साथ बलात्कार एवं हत्याओं को रोकने में भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई हैः मानसिंह कुशवाहा

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने सदर विधायक नरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने भिंड सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को ज्ञापन पत्र सौपा । कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में सत्तारुढ भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लगातार अबोध बालिकाओ जिनमें एक वर्ष से लेकर 10 वर्ष तथा 70 -75 वर्ष तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं निरन्तर हो रही है,यहां तक कि छोटी - छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार एवं हत्याएं की जा रही है एवं महिला अत्याचार में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर नंबर एक पर पहुंच गया है,जिसमें समस्त प्रदेशवासियो का सिर शर्म से झुक गया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में पौने तीन साल में हजार के करीब बलात्कार की घटनाएं हो चुकी है, जिसमें बलात्कार एवं गैंग रैप की घटनाओं के कारण छोटी छाटी बच्चियों,छात्राओं का स्वतंत्र रुप से घर से निकलना तक मुशकिल हो गया है,परिवार के मुखिया हमेशा इस बात से चिंता में रहते है,कि उनके छोटे छोटे बच्चे कहीं किसी अनहोनी घटना के शिकार न हो जाएं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों ग्वालियर, अनूपपुर,टीकमगढ.,राजगढ., शहडोल,डिंडौरी,जबलपुर, उज्जैन,



भोपाल,खंडवा,रायसेन, दतिया,रीवा, हरदा,नर्मदापुरम,मुरैना,भिण्ड आदि स्थानों पर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ बलात्कार एवं उनकी हत्याओं की घटनाएं हो चुकी है, जिससे आमजन का जीवन जीना मुश्किल हो गया है । श्री कुशवाहा ने क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि आप क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रदेश में लगातार अबोध बालिकाओं, छात्राओं,महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं एवं उनकी हत्या की रोकथाम हेतु अपने अपने स्तर पर कडे एवं प्रभावी कदम उठाएं तथा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी शक्ति के साथ ऐसे प्रयास करे,ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु आवाज उठाने के साथ ही बच्चियों के साथ हो रहे दुराचार को लेकर सोशल मीडिया में इसके रोकथाम हेतु अपने प्रभावी संदेश को प्रसारित करे ताकि प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त होने के साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं का जीवन सुरक्षित रहे । ज्ञापनकर्ताओं में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रेखा भदौरिया, हरनारायण शर्मा एडवोकेट, जिला मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी, प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज,जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार शाक्य,अमर सिंह शाक्य एडवोकेट,युवा नेता दीपू दुबे,राजबीर बघेल,राजेश सिंह, रामबरन सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजिस्ट्रेशन ने मनाया दशहरा मिलन समारोह

### संगठन का शीघ्र होगा विस्तार जाकिर राज चौहान

ललितपुर ! बुंदेलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजिस्टर्ड की बैठक एवं दशहरा मिलन समारोह क्लब के पनारी स्थित पंजीकृत कार्यालय पर अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस मौके पर आयोजित बैठक का संचालन करते हुए महामंत्री परशुराम झा ने कहा कि अब एकजुट रहते हुए संगठन के विस्तार करना चाहिए अन्य पदाधिकारी और सदस्यों संरक्षक ने जनहित के नए मुद्दे उठाने और संगठन की महिला बिग को सक्रिय करने के आवश्यक निर्देश दिए क्लब में नई आई सदस्य शहनाज बेगम और नए आए सदस्य रवि चुंगी का स्वागत किया गया अध्यक्ष ने सभी सदस्यों और संरक्षक गढ़ और पदाधिकारी को परंपरागत तरीके से पान बीड़ा खिलाकर असत्य पर की जीत की शुभकामनाएं जी और पटाखे फोड़ कर खुशी का त्यौहार मनाया और सदस्यों में खुशी की उमंग लहरी। संरक्षक गढ़ जाकिर राज चौहान रविंद्र दिवाकर राजाराम यादव सच्चिदानंद गोलवानी फहीम बख्स अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई महामंत्री परशुराम झा संगठन मंत्री अनुज सिंह ठाकुर शिव प्रताप सिंह मंत्री जावेद किरमानी शत्रुघन यादव अरविंद सेन सजल दिवाकर वेद प्रकाश लिटोरिया नजीर बेग इशराक खान मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग की घोर लापरवाही





पूरा मामला स्टेशन रोड ललितपुर का हैं परिवहन विभाग की घोर लापरवाही आ रही है सामने नजर वहीं पर परिवहन विभाग के आरटीओ कयूम खान खड़े होकर देख रहे हैं तमाशा नहीं आई कोई कार्रवाई सामने मनमोहन चौबे पार्षद ने बताया खूब धड़ल्ले से भरी जा रही हो ओवरलोड गाड़ी और वहीं प्रशासन से थे ओवरलोड गाड़ियों के बारे में शिकायत की थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई देखा तो वहीं पर साइड में लगाकर शांत बैठी नजर आए और उन्होंने बताया कि जब उन्होंने ए आरटीओ कयूम खान से कहा तो ए आरटीओ बोले कि जहां तुम्हें जाना है जो नहीं होगी कोई कार्रवाई स्टेशन से ओवरलोड शहर में से बीचो-बीच निकलते हैं फिर भी यातायात और परिवहन विभाग का नहीं होता है ध्यान वहीं पर टैक्सी चालक और चार पहिया वाहन पर कस देते हैं शिकंजा शासन प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए



## राजस्थान व गुजरात जाने वाली ट्रेनों का ठहराव विरार वसई स्टेशन के लिए सौंपा ज्ञापन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

मुम्बई। पालघर जिले के सांसद हेमन्त विष्णु सवरा साहब को राजस्थानी छत्तीस कोम प्रवासी संस्था पालघर जिला कि कार्यकारणी ने गुजरात व राजस्थान आने जाने वाली ट्रेनों का विरार या वसई में ठहराव के लिए ज्ञापन सौंपा गया सांसद साहब ने कहा है आपकी मांग को में सोमवार को दिल्ली रेल्वे मिनिस्टर के पास रखूंगा आप सभी प्रवासियों कि समस्या का समाधान बहुत जल्दी किया जायेगा राजस्थानी छत्तीस कोम प्रवासी संस्था पालघर जिले के अध्यक्ष जयेश जी टी भायल ने सांसद महोदय से कहा है हम बहुत वर्षो ये रेलवे से मांग कर रहे हैं पर रेलवे बोर्ड हमारी मांगों को नजर अंदाज कर रहा है सांसद महोदय ने कहा है कि आपकी मांग को बहुत जल्दी पूरा किया जाएगा।

# बिना रॉयल्टी गिट्टी एवं डस्ट ले जाने वाले तीन डंफर नायब तहसीलदार ने पकड़े, थाने में रखबाये

## नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा की बड़ी कार्यवाही

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा जिले में प्रभावी रूप से चलाए जा रहे अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के क्रम में एसडीएम लहार के निर्देशन में नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा के द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन करते तीन डंफरों पर देर रात कार्रवाई की गई।

**त्रिपाल से ढक कर ले जा रहे थे बिना रॉयल्टी की डस्ट**-रविवार देर रात जानकारी प्राप्त हुई की डंपरों के माध्यम से बिना रॉयल्टी की रेत, गिट्टी एवं अन्य खनिजों का परिवहन किया जा रहा है जिसके क्रम में रणनीति बनाते हुए दो गाड़ियों से नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा अपने साथ पटवारी एवं सुरक्षा गार्ड को लेकर एसडीएम लहार के निर्देशन में परिवहन मार्ग पर पहुंचे जहां लगभग एक से डेढ़ घंटे इंतजार करने के बाद रात करीब 11ः00 बजे



अवैध डंपरों का परिवहन दिखाई दिया जिन्हें रोकने पर रॉयल्टी दिखाने के लिए कहा गया परंतु उनके पास कोई रॉयल्टी नहीं थी अतः अवैध परिवहन करते हुए दो गिट्टी के एवं एक डस्ट के डंपर पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा ने पटवारी एवं सुरक्षा गार्ड के माध्यम से तीनों डंपरों को ले जाकर थाना लहार में रखवाया एवं थाने में सुपुर्दगी दी गई।

## जिला आबकारी अधिकारी श्री राकेश सिंह राणा ने की विधायक प्रदीप अग्रवाल जी से सौजन्य भेंट

**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**





हम बता दें आपको की आज जिला आबकारी अधिकारी श्री राणा ने सेवाड़ा विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल जी से मुलाकात कर जिले में भ्रमण के समय किसी भी प्रकार की अवैध शराब से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका निराकरण शीघ्र किये जाने हेतु समन्वय स्थापित किया। अवैध शराब की जानकारी अगर आपके द्वारा दी जाएगी तो आबकारी विभाग को कार्रवाई करने में और सुविधा होगी।

## भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला के कार्यक्रम में भाग लिया







आज सागर सांसद श्री लता वानखेड़े विदिशा पहुंची आज भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला के कार्यक्रम में भाग लिया इस अवसर पर विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल जी विदिशा विधायक मुकेश टंडन जी शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा जी कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे जी एवं वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## लहार विधानसभा के अभिभाषक ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में की शिरकत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। लहार विधानसभा के दबोह क्षेत्र के जगदीशपुरा निवासी पूर्व विधायक प्रतिनिधि चौधरी रमाशंकर सिंह कौरव के पुत्र अधिवक्ता अक्षय प्रताप सिंह कौरव ने लंदन में 9-10 अक्टूबर को आयोजित विश्व शांति के लिए न्यायविदों,लेखकों,मंत्रीगणों एवं न्यायाधीशों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लिया।इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में अग्रणी न्यायविद, लेखक, माननीय न्यायाधीशगण,मंत्रीगण और वैश्विक कानूनी विशेषज्ञ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक साथ सम्मिलित हुए।सम्मेलन में वर्तमान परिवेष मैं निर्मित परिस्थितियों को पारस्परिक रूप से समन्वय कर प्रतिकूल दिशा देना सम्मेलन का मुख्य रूप रहा।साथ ही सम्मेलन के दौरान संबोधित किए गए प्रमुख विषयों में बौद्धिक संपदा अधिकार,न्याय पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)का प्रभाव और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए चुनौतियाँ पर भी विसेष चर्चा प्रमुख रही।अधिवक्ता कौरव ने वैश्विक संदर्भ में इन मामलों पर अपने दृष्टिकोण व्यक्त किए,उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए कानूनी ढाँचों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।कौरव की भागीदारी को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उनके राज्य की कानूनी क्षमता का एक उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व माना गया,जो भविष्य की कानूनी नीतियों को आकार देने में इस तरह के वैश्विक संवादों के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।कार्यक्रम में श्री डोमिनिक कूपर महासचिव,चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ जर्नलिस्ट्स लंदन,सुश्री नाओमी कैंटन यूनाइटेड किंगडम में वरिष्ठ पत्रकार,माननीय लॉर्ड रामिंदर रेंजर मंत्री,हाउस ऑफ लॉर्ड्स आदि प्रतिष्ठित महानुभावों ने कौरव को फूलमाला पहनाकर स्वागत एवं हाथ मिलाकर अभिवादन किया।

## दिव्यांग जन के रियायती पास भिण्ड जिले बन रहे है लेकिन पास को ग्वालियर ऑनलाइन कराने लिए जाना पड़ रहा है दिव्यांग जनों को

**पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । एक वर्ष पूर्व भिण्ड जिले के रेलवे स्टेशन पर माह मे दो बार रियायती पास जारी होने लगे है। विकलांग बल के प्रदेश सचिव प्रो सौरभ पाल ने एक वर्ष पूर्व तत्कालीन सांसद श्रीमती संध्याराय को एक आवेदन दिया था जिसमें अनुरोध किया गया था की विकलांग जन अपने रियायती पास बनबाने के लिए ग्वालियर जाते है तो उनको अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है भिण्ड मे पास जारी होने का अनुरोध किया गया था उस अनुरोध पर सांसद जी ने हर माह 14 एवं 28 तिथि को भिण्ड रेलवे स्टेशन पर यह सुविधा शुरू करा दी थी 7 विकलांग बल के प्रदेश सचिव का कहना है की इस सुविधा से विकलांग जन के पास तो जारी होने लगे लेकिन उस पास को ऑनलाइन कराने के लिए ग्वालियर जाना पड़ता है उनको बहुत परेशानियो का सामना करना पड़ता है अगर भिण्ड स्टेशन पर ऑनलाइन पास भी जारी होने लगे तो इस समस्या से निजात मिल सकता है।

# मुस्लिम समाज ने ईदगाह की जमीन पर बन रही अवैध दुकानों के निर्माण कार्य रुकवाने एवं अंजुमन इस्लाम के सदर अध्यक्ष अनवर खान को हटाए जाने की मांग की

## मुख्यमंत्री एवं अल्पसंख्यक मंत्री, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुस्लिम समाज के लोग कलेक्ट्रेट पंहुचकर ईदगाह की जमीन पर अवैध दुकानों के निर्माण कार्य को रुकवाने एवं अंजुमन इस्लाम के वर्तमान सदर अध्यक्ष अनवर खान को हटाए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मध्यप्रदेश के अल्पसंख्यक मंत्री, मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा,जिलाधीश के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल ने ज्ञापन पत्र लिया । यहां बता दें कि जिला भिण्ड में मुस्लिम समाज के लिए बाँके कस्बा भिण्ड में जमीन सर्वे नंबर 3938/1.3939 पर अंजुमन इस्लाम भिण्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री खिजर मोहम्मद कुरैशी के अध्यक्षीय कार्यकाल में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल द्वारा नं. 85/एम/ आर - 5/5436 में ईदगाह निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी. किन्तु अंजुमन इस्लाम कमेटी भिण्ड के वर्तमान अध्यक्ष अनवर खान अपने निजी लाभ के लिए उक्त जगह पर ईदगाह निर्माण न कराते हुए अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कार्य कराकर अपने निजी स्वार्थ एवं अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर वक्फ बोर्ड के निर्देशों की अवहेलना करने के साथ ही मुस्लिम समाज की आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

**बिन्दुवार माँगे** -(1) जिला भिण्ड में ईदगाह के लिए स्वीकृति जमीन सर्वे नं. 3938/1,3939 पर सब्जी मण्डी व अन्य उद्देश्यों के लिए बन रही अवैध



दुकानों के निर्माण कार्य को रुकवाया जाये। (2) उक्त जमीन पर ईरदगाह निर्माण की स्वीकृति हुई है, अतः ईदगाह निर्माण कार्य शुरू कराये जाने के लिए मदद की जाये । (3) अंजुमन इस्लाम कमेटी भिण्ड के वर्तमान अध्यक्ष अनवर खान विगत् लगभग 18 वर्षों से बने हुए हैं और इनके द्वारा वक्फ बोर्ड की जमीन व सम्पत्ति को अपने निजी लाभ के लिए खुर्दबुर्द की जा रही है एवं इनके द्वारा समाज के विरूद्ध कार्य किये जा रहे है। अतः इन्हें पद से हटाकर एवं इनके कार्यकाल में इनके द्वारा हुई सभी गतिविधियों की जांच की जाकर उचित कार्यवाही की जाये । (4) यहकि, उक्त जमीन पर अवैध दुकान निर्माण कार्य के विरूद्ध जिला न्यायालय भिण्ड में प्रकरण चल रहा है। मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि अंजुमन इस्लाम कमेटी भिण्ड के वर्तमान अध्यक्ष अनवर खान द्वारा समाज विरोधी गतिविधि से समाज तंग/परेशान हो चुका है । जिस कारण समूचा मुस्लिम समुदाय में काफी आक्रोश व्याप्त है। अतन होत के समूचे मुस्लिम समुदाय के लोग उक्त अवैध दुकानों के निर्माण को अविलम्ब रुकवाने एवं विगत 18 वर्षों से बने हुए वर्तमान अध्यक्ष अनवर खान को अविलम्ब हटाकर इनके कार्यकाल में इनके द्वारा की गई सभी गतिविधियों की जाँच कराने की मांग की हैं,और कहा कि उनके निवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो मुस्लिम समाज के लोग धरना-प्रदर्शन कर आंदोलन करेंगे । ज्ञापनकर्ताओं में मुख्य रूप से रहमान खान उर्फ पप्पू ,वाहिद अली,सलीम वारसी,कासिम खान एडवोकेट, साबिर खान सलमानी,इसाक खान उर्फ गांधी, मोहम्मद सलीम राइन, रेहमान खान,अजमेरी राइन,रेहान खान,मुवीन खान,जेमुल अवदीन, जावेद (बिरयानी),नोशाद खान, असलम खान,अनीस खान,इस्ताय, ईसाब सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

## रतन टाटाः दिखावे से दूर एक शालीन उद्योगपति

जेआरडी स्पष्ट रूप से करिश्माई थे लेकिन रतन टाटा अभी भी एक शालीन नेता के रूप में खड़े थे जिन्होंने आज की बड़बोली और तेजतर्रार व्यापारिक दुनिया में शिष्टता और समझदार तरीके को बनाए रखा था। एक ऐसे युग में जब व्यापारिक नेता सोशल मीडिया पर अनिवार्य रूप से बोलते हैं, अपनी भड़कीली रुचियों के बारे में बताते हैं या अपनी पहुंच और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं, तो ऐसे मामलों में रतन टाटा अलग थे।

पद्म विभूषण रतन नवल टाटा का निधन टाटा समूह और भारतीय व्यापार व उद्योग की व्यापक दुनिया के लिए एक युग का अंत है। टाटा समूह का उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक नेतृत्व किया। टाटा समूह के प्रमुख के रूप में रतन टाटा का कार्यकाल उदारीकरण के युग के साथ का सह-टर्मिनस था जिसने भारतीय व्यापार परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दिया और उसे साहसिक दांव, गहरे बदलाव और नई दिशाओं में ले गया। इनमें से कुछ भी आसान नहीं था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि रतन टाटा को उस समूह को स्थानांतरित करने का काम सौंपा गया था जो हिंदू विकास दर की भारतीय कहानी का इतर हिस्सा था। उन्होंने इसे तेजी से आगे बढ़ाने और उच्च स्तर पर देखने की जिम्मेदारी उठाई।

इसका मतलब था बदलाव करना। अर्थात रतन टाटा पहले टाटा कंपनी को पुराने नियंत्रण से मुक्त कर अपने पूर्ण नियंत्रण ले सकें और फिर संगठन को दायरे और आकार पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकें। दुनिया की सबसे सस्ती कार का निर्माण (या लोगों की कार, जैसा नैनो को कहा जाता था), सॉफ्टवेयर दिग्गज टीसीएस को सार्वजनिक करना, टेटली और जगुआर लैंड रोवर को खरीदना उनके करियर की कुछ झलकियां हैं जिन्होंने समूह को हिलाकर रख दिया लेकिन इसके बावजूद जहाज को स्थिर रखा।

यह एक चुनौतीपूर्ण यात्रा थी। रतन टाटा शांति के साथ काम करना पसंद करते थे इसलिए इस यात्रा को इसके सभी विस्तार के साथ कभी भी पूरी तरह से नहीं बताया गया। अपने पूर्ववर्ती जेआरडी टाटा के आकर्षण और चुंबकत्व के बिल्कुल विपरीत रतन टाटा अपने पूरे जीवन में अंतमुर्खी बने रहे।

जेआरडी स्पष्ट रूप से करिश्माई थे लेकिन रतन टाटा अभी भी एक शालीन नेता के रूप में खड़े थे जिन्होंने आज की बड़बोली और तेजतर्रार व्यापारिक दुनिया में शिष्टता और समझदार तरीके को बनाए रखा था। एक ऐसे युग में जब व्यापारिक नेता सोशल मीडिया पर अनिवार्य रूप से बोलते हैं, अपनी भड़कीली रुचियों के बारे में बताते हैं या अपनी पहुंच और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं, तो ऐसे मामलों में रतन टाटा अलग थे। वे हमेशा सुर्खियों से दूर और अलग-थलग रहे। लगभग बंद दरवाजों के पीछे उन्होंने अपने जीवन के 86 साल बिताये।

टाटा समूह के जाने-माने इतिहासकार स्वर्गीय रूसी एम लाला ने एक बार बातचीत में कहा था- 'रतन टाटा के पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है,' और यह कि 'जेआरडी को रतन पर गर्व होगा।' लाला ने कहा था, 'कुछ अर्थों में यह हो सकता है या यह तर्क देना संभव है कि रतन ने जो हासिल किया है- बिना करिश्मे, व्यक्तित्व या जेआरडी के चुंबकत्व के- वह जेआरडी की उपलब्धि से अधिक है। हालांकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जेआरडी लाइसेंस राज से बंधे थे जबकि रतन उदारीकृत युग के तहत प्रदर्शन करने के लिए अपेक्षाकृत स्वतंत्र थे।'

टाटा समूह के अंदरूनी सूत्र के इस आकलन ने रतन टाटा की अनूठी उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ कहा। ये बातें उस समय कही गई थीं जब रतन टाटा ने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी और सायरस मिस्त्री को अध्यक्ष नामित किया गया था। उत्तराधिकार की यह कहानी जो अंततः समूह के लिए, सायरस मिस्त्री के लिए और व्यक्तिगत रूप से रतन टाटा के लिए बहुत गलत साबित हुई। फिर भी रतन टाटा इस झटके से भी उभरे और समूह को लगातार स्थिर रखा। उन्होंने 2017 में समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा सन्स के अध्यक्ष के रूप में टीसीएस के तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एन चंद्रशेखरन को नियुक्त किया और खुद चेयरमैन एमेरिटस का पद संभाला। चंद्रशेखरन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा है- 'टाटा समूह के लिए श्री टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं अधिक थे। मेरे लिए वे एक संरक्षक, मार्गदर्शक और दोस्त थे। वे उदाहरण बनकर प्रेरित करते थे। टाटा समूह ने उनके नेतृत्व में उत्कृष्टता, सत्यनिष्ठा और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपनी नैतिकता के प्रति हमेशा सच्चे रहते हुए अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार किया।'

चंद्रशेखरन का बयान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि आज के भारत में भी नैतिक दिशा को बनाए रखते हुए विकास की कहानी लिखी जा सकती है। अगर हम कुछ संदेह की गुंजाइश देते हैं तो जिस तरह से सायरस मिस्त्री को हटाया गया या राडिया टेप की कहानी ने टाटा समूह की ओर ध्यान आकर्षित किया था, तो भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि टाटा समूह मूल्यों के साथ रहने, ईमानदारी के साथ काम करने और इन सबसे ऊपर- सही जगह पर दिल से काम करने के लिए खड़ा है। टाटा समूह की सकल संपत्ति के किसी भी मूल्यांकन के लिए वित्तीय पंडित इस महत्वपूर्ण मुद्दे को जोड़ सकते हैं। टाटा समूह के मामले में इस तरह की अप्रत्यक्ष संपत्ति किसी बड़ी प्रत्यक्ष संपत्ति से अधिक हो सकती है।

आज के समय में विशेष रूप से शासन के मुद्दों से चिह्नित वातावरण में इस कहानी को इतने लंबे समय तक बनाए रखना अपने आप में एक उपलब्धि है।

## चले जाने के बाद

जब मार्गदर्शक होते साथ,
नहीं मानते उनकी बात,
थोड़ा सा भी नहीं सम्मान,
भले ही ज्ञान की वे खान,
जब कोई बात प्यार से समझाते,
उनकी बातों का मजाक उड़ाते
जिंदा इंसान के मूल्य को नहीं आंकता,
चले जाने के बाद अहमियत जानता।
पलटकर देखते किताबें यादें,
रह रहकर याद आते उनके इरादे,
समझ बैठे कई उन्हें बोझ,
फिर खुद को कोसते रोज,
बचपन में संजोते बड़े-बड़े सपने,
जवानी के पड़ाव में नहीं बनते अपने,
फंसकर गृहस्थी में धूल फांकता,
चले जाने के बाद अहमियत जानता।
अंतर्मन से महसूस करे ग्लानि,
बड़ी मुश्किल बात खुद को समझानी,
सोचा जिनके ऋणों से होगा उऋण,
परिस्थितियों हो जाती अति भिन्न,
स्मरण हो आते फिर पद चिन्ह
न जाने इंसान फिर क्यों खुद से खिन्न,
देर से याद आना मानव को अज्ञानता,
चले जाने के बाद अहमियत जानता।
जीते जी इंसान नहीं करता कद्र,
सब कुछ घूमते फिर भी दर बदर,
चले जाते जब वो लौट कर नहीं आते,
फिर पश्चाताप के क्यों गीत गाते,
उठ मानव कुछ होश ला ठिकाने,
छोड़ दे बेढंग कुछ अपने मन माने,
क्यों दर-दर की खाक छानता,
चले जाने के बाद अहमियत जानता।
अच्छे कर्मों से मिली यह जिंदगी,
आएगा सही रास्ते पर कर बंदगी,
मिला सब कुछ कर झुककर आभार,
मिलेगा खूब खुला जब दरबार,
वर्तमान में जीने का का कर प्रयास,
सही गलत का हो आभास,
होकर खुश जो बड़ों की आज्ञा मानता,
जीते जी वही अहमियत जानता।



- डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# राष्ट्र सेवा की शताब्दी वर्ष में आरएसएस

- अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। अपनी स्थापना दिवस पर नागपुर में आयोजित विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने उचित कहा कि भारत की मजबूती के लिए समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार को रेखांकित करते हुए विश्व बिरादरी का आह्वान किया कि वे हिंदुओं की मदद के लिए आगे आएं। लेकिन विडंबना है कि संघ प्रमुख के उद्बोधन को कुछ सियासी दल सांप्रदायिक ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। अनावश्यक वितंडा खड़ा कर समाज को बांटने के आरोप के साथ-साथ आजादी की जंग में उसकी भूमिका पर कुतर्क गढ़ रहे हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है।

आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा० केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। जब 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तब उन्होंने इसे संपूर्ण समर्थन दिया और स्वयं सत्याग्रह में भाग लेकर 9 मास का सश्रम कारावास काटा। उनके निर्देश पर संघ के स्वयंसेवक आजादी की लड़ाई के संवाहक बने और ब्रिटिश हुकुमत की बर्बरता को सहा भी। डा० साहब के सिद्धांतों पर चलते हुए संघ के दूसरे सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जिन्हें गुरुजी भी कहा जाता है, ने भी स्वयंसेवकों को जंग में कूद पड़ने के लिए आह्वान किया। उन्होंने 1942 में संघ के एक कार्यक्रम में कहा भी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत छोड़ो आंदोलन का सहभागी है। जब कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए और आंदोलन भटकाव के मोड़ पर आ गया उस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने ब्रिटिश हुकुमत की क्रुरता की परवाह किए बिना आंदोलन की कमान अपने हाथों में ले लिया। यही नहीं संघ के स्वयंसेवक विदर्भ क्षेत्र के कई जिलों में अंग्रेजी हूकुमत को उखाड़ फेंका। 1942 के आंदोलन की सहभागी रही अरुणा आसफ अली ने तब दैनिक समाचार पत्र हिंदुस्तान को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा भी कि आंदोलन के दिशाहीन होने पर दिल्ली के संघ के प्रांत संघचालक हंसराज गुप्ता ने अपने घर में मुझे शरण दी और सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया। देश जानना चाहता है कि फिर धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार किस मुंह से आजादी की जंग में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ की अप्रतिम भूमिका की अनदेखी कर रहे हैं? जानना आवश्यक है कि संघ के स्वयंसेवकों ने अक्टुबर 1947 से ही कश्मीर सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों पर बगैर किसी प्रशिक्षण के लगातार नजर रखी।

यह काम न तो नेहरु-माउंटबेटन सरकार कर रही थी और न ही हरि सिंह की सरकार। जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर पर कबायली आक्रमण किया तब भारतीय सैनिकों के साथ सैकड़ों स्वयंसवेकों ने भी अपनी शहादत दी। यह तथ्य है कि कश्मीर के महाराजा हरि सिंह कश्मीर का भारत में विलय को लेकर असमंजस में थे। तब सरदार पटेल ने गुरु गोलवरकर से मदद मांगी। गुरुजी कश्मीर के महाराजा से मिले और उसके बाद ही महाराजा ने कश्मीर के भारत में विलय का प्रस्ताव दिल्ली भेजा। जब भारत विभाजन के दंगे भड़के और नेहरु सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी थी उस दौरान स्वयंसेवकों ने पाकिस्तान से जान बचाकर आए लाखों शरणार्थियों के लिए शिविर लगाए। बेहतर होगा कि संघ के आलोचक इस सच्चाई को समझें कि राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ एक राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है और अपनी स्थापना 27 सितंबर, 1925 से ही भारतवर्ष की सेवा कर रहा है और अपने राष्ट्रवादी विचारों से भारत को पुष्ट कर रहा है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी 40 हजार से अधिक शाखाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य कर रहा है। जंगल झाड़ में रह रहे आदिवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक उद्धार के लिए कार्य कर रहा है। संघ के लाखों स्वयंसेवक उपेक्षा, उपहास, विरोध और अवरोध के बावजूद भी अपने सामाजिक-सांस्कृतिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। हर देश का समाज राष्ट्र की उन्नति के लिए कुछ व्यवस्थाएं खड़ी करता है। सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को जन्म देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी उसी तरह एक देशव्यापी देशभक्त, अनुशासित चरित्रवान व निःस्वार्थ सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। उसकी शाखाएं राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है जहां स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व सामाजिक गुणों से लैस किया जाता है।

संघ के अनेकों संगठन मसलन सेवा भारती, विद्या भारती, स्वदेशी जागरण मंच, हिंदू स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय किसान संघ अपने कार्यों से देश की रचनात्मक विकास में योगदान दे रहे हैं। सच तो यह है कि संघ की उपस्थिति और उसकी भूमिका भारतीय समाज के हर क्षेत्र में 1925 से ही महसूस किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर सन् 1962 के भारत-चीन युद्ध में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु संघ की भूमिका से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने संघ को सन् 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। सिर्फ दो दिनों की पूर्व सूचना पर तीन हजार से भी ज्यादा राष्ट्रभक्त स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में वहां उपस्थित हो गए। पाकिस्तान से युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री को भी संघ याद आया था। उन्होंने संघ से आग्रह किया कि कानून व्यवस्था संभालने में मदद करे और दिल्ली की यातायात का नियंत्रण अपने हाथ में ले। यहीं नहीं घायल जवानों को जब रक्त की जरुरत पड़ी स्वयंसेवक आगे बढ़कर रक्तदान किए। भारत-पाक युद्ध के दौरान संघ के स्वयंसेवक कश्मीर की हवाई पट्टियों से बर्फ हटाने का काम किए। आरएसएस को लेकर गांधी जी की सोच व्यापक सकारात्मक और श्रद्धापूर्ण थी। गांधी जी ने 16 सितंबर, 1947 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों से मिलने की इच्छा व्यक्त की और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यबरसों पहले मै वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक शिविर में गया था। उस समय इसके संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज मुझे शिविर में ले गए थे और वहां मैं उन लोगों का कड़ा अनुशासन, सादगी और छुआछूत की पूर्ण समाप्ति देखकर अत्यंत प्रभावित हुआ था। तब से संघ काफी बढ़ गया है। मैं तो हमेशा से मानता आया हूं कि जो भी सेवा और आत्म-त्याग से प्रेरित है, उसकी ताकत बढ़ती ही है।

संघ एक सुसंगठित एवं अनुशासित संस्था है। संघ के खिलाफ जो भी आरोप लगाए जाते हैं, उसमें कोई सच्चाई है या नहीं, यह मैं नहीं जानता। यह संघ का काम है कि वह अपने सुसंगत कामों से इन आरोपों को झूठा साबित कर दे।ह्न गौर करें तो इन 100 सालों में संघ अपने उपर लगने वाले हर आरोपों को झूठा साबित करने में सफल रहा है। संघ के इतिहास और विचारधारा पर फब्तियां कसने वाले लोगों को जानना चाहिए कि संघ के संस्थापक डा० केबी हेडगेवार उन गिने-चुने क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन ब्रिटिश शासन से भारत की मुक्ति के लिए संघर्ष किया। वे 1921 में कांग्रेस आंदोलन में भी शामिल हुए। 1920 में लोकमान्य तिलक के निधन के बाद तत्कालीन राष्ट्रीय नेताओं द्वारा राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा से तंग आकर 1925 में राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। आजादी के दौरान या बाद कभी भी कोई ऐसा पुख्ता सुबूत देखने को नहीं मिला, जिसको लेकर यह दावा किया जाए कि संघ का आचरण राष्ट्रहित के खिलाफ रहा है। हजारों बार साबित हो चुका है कि जिन बातों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यप्रणाली पर संदेह जताया जाता है, वे राष्ट्रवाद और राष्ट्रचरित्र से जुड़े होते हैं। समाजवाद का ठेका उठा रखे छद्म समाजवादियों को भी ज्ञात होना चाहिए कि 1966 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कठिन परिश्रम और कार्यकुशलता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भरपूर तारीफ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

## एवरेस्ट पर हुई इस खोज से क्या सुलझेगी एक सदी पुरानी पहेली

एवरेस्ट पर पहली बार कौन चढ़ा? क्या हिलरी और तेनजिंग एवरेस्ट समिट करने वाले पहले नहीं थे? नैशनल जियोग्राफिक की एक टीम ने एवरेस्ट पर कुछ ऐसा खोज निकालने का दावा किया है, जो एक सदी पुराने इस रहस्य को सुलझा सकता है.

ठीक एक सदी पहले की बात है. साल 1924, जून का महीना. दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर सबसे पहले पांव धरने की ब्रिटिश महत्वाकांक्षा का बोझ उठाए एक एक्सपीडिशन टीम मिशन पर थी. इस टीम को समुद्र तल से 29,032 फीट ऊपर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचना था.

**बाकी हिमालय से ज्यादा तेजी से क्यों बढ़ रहा है एवरेस्ट**

पहले के दो नाकाम अभियानों के बाद यह पर्वतारोहियों का तीसरा दल था. नौ लोगों के इस दल में थे जॉर्ज मेलोरी (टीम लीडर), एडवर्ड नॉर्टन, नोएल ओडेल, जॉन मैकडॉनल्ड, एडवर्ड ओ. शेबेअर, जेफरी ब्रूस, टी. हॉवर्ड सॉमरवेल, बेंटले बीथम और एंड्रू 'सैंडी' इरविन.

**8 जून 1924 की उस दोपहर को क्या हुआ था?**

एवरेस्ट चोटी के रास्ते में एक तंग घाटी है, ग्रेट (नॉर्टन) कूलुआ. यह एवरेस्ट के नॉर्थ फेस की ओर है. 8 जून 1924 को दोपहर बाद एक्सपीडिशन टीम के दो सदस्य, मैलरी और इरविन, इसे पार कर चुके थे कि जब मौसम अचानक से खिल गया. बादल छंट गए और पहाड़ के ऊपर का हिस्सा साफ दिखने लगा.

यहां तक कि नॉर्थईस्ट रिज के 'थ्री स्टेप्स' की पहली सीढ़ी भी नजर आ रही थी. ये जगह लगभग 28,097 फीट की ऊंचाई पर है. फिर कुछ ही मिनटों में मौसम एकदम से बदला और घने बादल लौट आए.

टीम के सदस्य नोएल ओडेल इस वक्त मैलरी और इरविन से करीब 1,000 फीट नीचे थे. वो एक चक्करदार रास्ते से कैंप छह से होते हुए ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे. वहां एक खड़ी चढ़ाई वाली चट्टान थी, जिसपर चढ़े ओडेल ने मौसम को एकाएक फिर साफ होते देखा.

अब ओडेल को चोटी तक का पूरा रास्ता नजर आ रहा था. वह फर्स्ट और सेकेंड स्टेप दोनों को देख पा रहे थे... और फिर ओडेल ने जो देखा, वो लम्हा ना केवल उन्हें उम्रभर याद रहने वाला था, बल्कि एवरेस्ट के इतिहास में सबसे बड़ा रहस्य भी बनने वाला था. इस लम्हे पर अनगिनत किताबें, असंख्य बहसें होने वाली थीं.

**क्या देखा था ओडेल ने?**

96 साल की भरपूर उम्र में फरवरी 1987 को ओडेल दुनिया से विदा हुए. अपनी तमाम जिंदगी वह 8 जून 1924 को दिन के तीसरे पहर में दिमाग में खिंची वही तस्वीर दोहराते रहे कि उन्होंने 28,250 फीट की ऊंचाई पर 'सेकेंड स्टेप' के ऊपर दो गतिशील आकृतियां देखी थीं.

ओडेल को इस बात में रत्तीभर भी शंका नहीं थी कि उन्होंने दो पर्वतारोहियों को उस ऊंचाई पर आगे बढ़ते हुए देखा था! ओडेल के शब्दों में, वो दोनों फुर्ती से चलते नजर आए थे.

**एवरेस्ट की चढ़ाई के 70 सालः क्या बदला इन सालों में**

अगर ऐसा था, तो वो दोनों पर्वतारोही मैलरी और इरविन के सिवाय कोई और नहीं हो सकते थे. वही दोनों थे, जो टीम के बाकी लोगों से आगे थे. ओडेल की देखी इस झलक के तकरीबन पांच मिनट बाद ही बादलों ने वापसी की. फिर उस दिन तीसरा पहर खत्म होने से पहले ओडेल को एवरेस्ट नजर नहीं आया.

और, जब आया तो वहां मेलरी और इरविन का नामो-निशान नहीं था! मेलरी और इरविन फिर कभी किसी को नजर नहीं आए. वो एवरेस्ट के मुसाफिरों के उस क्लब का हिस्सा बन गए, जिनकी जिंदगी पहाड़ पर ही खत्म हो गई.

**एक कैमरा, जिससे बंधी है उम्मीद**

मेलरी और इरविन की मौत तो हुई, लेकिन कब और किस पड़ाव पर? क्या वो कभी एवरेस्ट पर चढ़ पाए? अगर ओडेल ने उन्हें सेकेंड स्टेप पर देखा, तो वो चोटी से बहुत दूर नहीं थे.

क्या 29 मई 1953 को एडमंड हिलरी और तेंजिंग नॉर्गे की पहली बार एवरेस्ट फतह करने की उपलब्धि से भी तीन दशक पहले मेलरी और इरविन, या केवल मेलरी, या केवल इरविन ने एवरेस्ट की चोटी पर पांव धरा था?

क्या वो दोनों, या उनमें से एक वापस उतरते हुए गिरकर मर गए? लेकिन उनके जूते तो आधुनिक पर्वतारोहियों जैसे थे नहीं, तो क्या हिमालय की उस कठिन ऊंचाई पर उन जूतों के साथ वो ऊपर चढ़ पाए होंगे?

# नई सियासत में ठंड रखने की जरुरत

@ राकेश अचल
******




देश में 8 अक्टूबर से नयी सियासत शुरू हो गयी है। चुनावी मानसून जा रहा है, सर्दी आ रही है। ऐसे में सभी दलों के नेताओं को 'ठंड' रखने की जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्य ये है कि इस समय देश में किसी भी दल में एक भी ऐसा सर्वमान्य नेता नहीं है जो सभी से कह सके-ठंड रखो भाई ठंड।

देश की सियासत पर लिखना नंगी तलवार पर चलने जैसा है। जरा से फिसले की जख्मी हुए। सियासत की तलवार समस्यों का खत्मा करने के बजाय एक-दूसरे का खत्मा करनेमें लगी है। हर बार लगता है कि हम सुधर रहे हैं, लेकिन हार बार हमारे कयास गलत निकलते है। तब कहना पड़ता है -

'रग-रग में नफरत घुल गयी जमाने की
होड़ लगी है केवल गाल बजाने की

सब जानते हैं कि नफरत मनुष्यता की सबसे बड़ी दुश्मन है, लेकिन कौन है जो इससे बचा है। भारतीय राजनीति में तो नफरत अभी केवल एक दशक पुरानी है ,दुनिया में जो बड़ी शक्तियां हैं उनके बीच तो ये नफरत सनातन है। इस नफरत को मुहब्बत से दूर किया जा सकता है, किन्तु नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकाने खुलते ही उनके ऊपर ताले जड़ दिए जाते हैं। इसके लिए जनता नहीं बल्कि हमारे नेता जिम्मेदार हैं। उनकी जबान और जुबान दोनों नफरत में डूब चुकीं है। प्रकृति में होने बदलाव की खबर तो मौसम विभाग से मिल जाती है लेकिन सियासत में होने वाले बदलाव की खबर देने वाला कोई विभाग अभी तकबना ही नहीं है। मौसम विभाग की खबर है कि राजधानी में शुक्रवार को तापमान में सीजन की पहली बड़ी गिरावट देखी गई। न सिर्फ न्यूनतम तापमान बल्कि अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई। कई इलाकों में तापमान 20 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया। इन इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। आने वाले दिनों में ठंड और अधिक तेजी से बढ़ सकती है। उंचाई वाले पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में यह गिरावट हो रही है।

देश की जनता ऐसी ही ठंडक पूरे देश में देखना चाहती है। दुर्भाग्य ये है कि हरियाणा और जम्मू-काश्मीर विधान सभाओं कि चुनावों कि बाद देश की सियासत में गर्माहट बढ़ गयी है, जबकि बढ़ना चाहिए थी ठंड। पता नहीं क्यों कोई ठंड रखना ही नहीं चाहता। सबके दिमाग में गर्मी चढ़ी हुई है। कोई इस गर्मी का इलाज करने और करवाने कि लिए राजी नहीं है। सियासी दिमागों की गर्मी का खमयाजा भुगतना पड़ता है अंततोगत्वा देश की जनता को।

दिल्ली की तरह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का मौसम बदलने को तैयार ही नहीं है। यहां सर्दी कि बजाय गर्मी दस्तक देती दिखाई दे रही है। लखनऊ कि गोमतीनगर स्थित जेपी एनआईसी जाकर जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि दिए जाने को लेकर शुरू हुआ सियासी बवाल आप सभी कि सामने है। सुरक्षा कारणों का हवाला देकर जब यूपी की योगी सरकार ने शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के मौके पर एसपी मुखिया अखिलेश यादव को जेपी एनआईसी जाने से रोका तो अखिलेश ने अपने घर के आगे ही जेपी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी लोग जेपीएनआईसी में जाकर जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देने जाते थे, पता नहीं क्या कारण है कि सरकार हमें रोक रही है। उन्होंने कहा कि यह विकासवादी नहीं, विनाशकारी सरकार है।जबकि योगी सरकार केमंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि, राज्य सरकार अखिलेश यादव की सुरक्षा को लेकर चिंतित है. बारिश का मौसम है और उस जगह की सफाई नहीं हुई है, इसलिए कुछ भी हो सकता है।

यूपी में इस गर्मी की वजह कुछ और है, दरअसल वहां विधानसभा की 10 सीटों के चुनाव होने है। देश में जब-जब चुनाव आते हैं तब-तब ठंड के बजाय गर्मी बढ़ती है, भले ही चुनाव किसी भी मौसम में कराये जाएँ।

हरियाणा और जम्मू -काश्मीर के विधान सभा चुनाव और यूपी के विधानसभा उपचुनाव का सियासी महत्व एक जैसा है। इन विधानसभा चुनावों में हार-जीत का भाजपा और समाजवादी पार्टी की साख पर तो असर पड़ता है है, साथ ही देश की समूची विपक्षी राजनीति भी इनसे प्रभावित होती है। यूपी आम चुनावों से ही सत्तारूढ़ दल को आतंकित करने लगा है। एक जमाने में जैसे बिहार ने श्रीमान लालकृष्ण आडवाणी का रथ रोका था वैसे ही जून में यूपी ने माननीय मोदी जी का रथ रोक दिया था, अन्यथा वे आसानी से 400 पर का नारा सार्थक कर सकते थे।

राजनीति के मिजाज में आजकल पहलवानों का जलजला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस की सरकार नहीं बनीं लेकिन ओलम्पियन पहलवान विनेश फोगट विधायक जरूर बन गयी। यूपी में तो समाजवादी दल पहलवानों से भरा पड़ा है। इस दल के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह जी स्वयं एक पहलवान थे। राजनीती में गौधन, गजधन, बाजधन और काळा धन के साथ ही बाहुबल भी बड़े काम की चीज है। ये लोकसभा चुनावों में प्रमाणित हो चुका है। हमें उम्मीद करना चाहिए कि यूपी के विधानसभा उपचुनावों से सियासत में भी गुलाबी ठंड का असर दिखेगा। हम और आप केवल उम्मीद कर सकते हैं, बाकी का काम तो नेताओं को ही करना है। ऐसे में हमें सियासी मौसम का अनुमान लगाने वाले राम विलास पासवान की बहुत याद आती है।

देश में जबसे नमकीन के पैकेट्स में ड्रग्स का कारोबार होने लगा है तब से एक अलग तरह की गर्मी बढ़ रही है। ड्रग्स का कारोबार तिरुपति के विवादास्पद प्रसादम से भी बड़ा है। दिल्ली में पकड़ी गयी ड्रग्स तो केवल 8 हजार करोड़ की है। हमारी सियासत और सत्ता को दर्ज के कारोबार से कभी कोई आपत्ति नहीं रह। यदि रही होती तो गुजरात में मुद्रा पोर्ट पर पकड़ी गयी ड्रग्स की महाखेप के बाद कोई न कोई तो नपता ? कोई नहीं नपा इसीलिए ड्रग्स के कारोबारियों ने गुजरात से निकलकर भोपाल में अपना कारखाना खोल लिया। लगता है कि अब सियासत में नफरत का नशा ज्यादा असर नहीं कर रहा,इसीलिए अब ड्रग्स को प्राथमिकता दी जा रही है।

बहरहाल बात मौसम की हो रही है। मैंने तो राजधानी में ठंड की दस्तक सुनते ही अपने गर्म कपड़ों को धूप दिखाना शुरू कर दी है। आप भी इस मौसम में एहतयात बरतिए, अन्यथा खांस, जुकाम, नजला हो सकता है।

# वर्दी के आड़ में मची थी उगाही वायरल हुआ वीडियो फिर एसपी ने लिया एक्शन कर दिया सस्पेंड

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जिले में आरक्षक के वायरल वीडियो पर एसपी ने तत्काल कार्रवाई की है. वायरल वीडियो में वसूली के आरोप लगने के बाद एसपी ने आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है और जांच के आदेश दिए हैं. दरअसल, रविवार को पुलिस लाइन में तैनात आरक्षक अमित सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वायरल वीडियो में आरक्षक एक घर के बाहर खड़ा था, जो एक व्यापारी का घर बताया जा रहा है और आरक्षक के पास खड़ा एक अन्य व्यक्ति नोट गिनता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि आरक्षक एक दवा व्यापारी से वसूली कर रहा था. बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो सिटी कोतवाली थाने के धोबिया टंकी इलाके का है. इस वीडियो के वायरल होते ही एसपी ने न सिर्फ इसका संज्ञान लिया बल्कि रक्षित केंद्र में तैनात आरक्षक की जांच के आदेश भी दिए. बताया गया कि आरक्षक रक्षित केंद्र में तैनात होने के बाद भी कोतवाली थाना क्षेत्र में वसूली करता था. हालांकि आरक्षक पर लगे आरोपों और वायरल वीडियो में कितनी सच्चाई है। ये सच है ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा, जिसके आदेश एसपी ने जारी कर दिए हैं।




**रीवा पुलिस अधीक्षक ने किया सस्पेंड**-रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के द्वारा बताया कि कि, विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से पता चला और जब इसकी पुष्टि की गई तो पता चला कि अमित सिंह नाम का एक कांस्टेबल है जो पुलिस लाइन में पदस्थ है। घटना की तारीख अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन परिस्थितियाँ संदिग्ध हैं। इसमें लेन-देन होता नहीं दिख रहा है। लेकिन परिस्थितियाँ जो भी हों, क्योंकि उस घर से एक हष्ठक्क- आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। अतः जो परिस्थितियाँ बनी हैं, उसके आधार पर उस कांस्टेबल अमित सिंह को निलंबित कर दिया गया है और ष्टस्क्कशिवाली चतुर्वेदी की जांच की गई है। जांच में जो पाया गया है, उसके अनुसार इसमें आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जो काम तय है उसके लिए पैसे ना दें**- आप सभी को निर्देश दिए गए हैं और सभी नागरिकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि जो भी काम तय है, उसके लिए पैसे का लेन-देन न किया जाए। अगर कोई पुलिस कर्मी ऐसा करता है तो मुझे इसकी जानकारी दें और इस संबंध में उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। सभी पुलिसकर्मियों को लगातार निर्देश दिए गए हैं और चेतावनी दी गई है कि अगर कोई ऐसा करता हुआ पाया जाता है और संदिग्ध है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## संजय गांधी अस्पताल एवं सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अमहिया पुलिस लगातार हो रही सजग

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश में अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल स्टाफ के साथ संजय गांधी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सजग दिख रहे हैं , अस्पताल में लगातार भ्रमण के साथ सीसीटीवी कैमरा की पहुँच चेक कर लगातार सुरक्षा के हर पहलू पर नज़र बनाये हुए हैं , एंबुलेंस मालिकों की बैठक लेकर उन्हें भी किसी भी अनियमितता ना करने की हिदायत दी गई है , पार्किंग व्यवस्था को भी सुचारु बनाने के लिए लगातार पुलिस प्रयास कर रही है ।



**थाने की कमान संभालते ही शिवा अग्रवाल ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था का लिया था जायजा**-अमहिया थाने की कमान शिवा अग्रवाल के हाथो सौंपने पर शहर के साथ जिला अस्पताल में काफी सुधार के आसरे, कुछ दिनों पूर्व अमहिया थाने की कमान संभालते ही थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने जिले की संजय गांधी, गांधी मेमोरियल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लगातार हो रही वारदातों के चलते अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों की बैठक ली थी। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा भी की। थाना प्रभारी ने सुरक्षा कर्मियों को कहा था की वह अस्पताल परिसर में और वार्ड में आने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखें, और जो व्यक्ति उन्हें संदिग्ध नजर आए उन्हें रोक कर पूछताछ करें साथ ही उनकी तलाशी भी लें। थाना प्रभारी ने कहा था कि अस्पताल में मरीज लोग आते हैं। ऐसे में मरीजों के परिजनों के साथ आए दिन घटनाएं होती रहती हैं। जिसे रोकने का हमे पूरा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि अगर हम प्रयास करेंगे तो अस्पताल के अंदर आने वाले अपराधियों पर रोक लगाई जा सकती है।

## महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दीपक कानुनगों की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस हेतु म.प्र. शासन के मंशानुसार किए जाने वाले निर्माण कार्यो की डी.पी.आर. पर आवश्यक चर्चा के लिए प्रस्ताव रखा गया एवं नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के हित में किए जाने वाले कार्यो हेतु स्वीकृती प्रदान की गई। वर्तमान समय की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के लिए रोजगार उन्नमुखी प्रशिक्षण जैसे- मोबाईल रिपेरियरिंग, ब्यूटी पार्लर, सिलाई- कडाई, मेंहदी, आदि प्रशिक्षण महाविद्यालय में ही प्रदाय किये जाने की स्वीकृती प्रदान की गई। बैठक में जनभागीदारी समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री लक्ष्मण इंगले, श्री मुकेश बिडारे, सुश्री मीना कोचले, श्रीमती माया खोडे, श्री सचिन पाठक, श्री महेश वर्मा, श्री महेश जोशी तथा महाविद्यालयीन प्राचार्य एवं सचिव डॉ. शैल जोशी, डॉ. जी. एस. चौहान आदि वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## जोशी पाइप फैक्ट्री पर 15 अक्टूबर को निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित होगा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । स्व. श्री सीताराम जोशी, स्व.श्रीमती रामकली जौशी जी की स्मृति में आज दिनाँक 15 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) को भारत विकास परिषद शाखा भिंड के साथ विशाल नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर संयोजक दशरथ जोशी,सचिव राजमणि शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से दिनाँक 15 अक्टूबर 2024 (मंगलबार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक जोशी पाइप फैक्ट्री,जोशी नगर,इटावा रोड,भिंड में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मोतियाबिंद के रोगियों को ऑपरेशन हेतु परीक्षण के बाद ग्वालियर भेजा जाएगा। इच्छुक मरीजों से अपील की गई है, कि अपने साथ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर अवश्य लावें।

## विंध्य एसोसिएशन आफ वुमेन एन्टरप्रेन्योर द्वारा महिला उद्यमिता के उत्सव का आयोजन रीवा हाट 15 से 17 अक्टूबर तक होगा आयोजित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। विंध्य एसोसिएशन आफ वुमेन एन्टरप्रेन्योर द्वारा महिला उद्यमिता के उत्सव का आयोजन ÷रीवा हाट÷ 15 से 17 अक्टूबर तक स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में स्थानीय और भारत देश के विभिन्न शहरों की महिला उद्यमियों द्वारा वोकल फार लोकल की प्रतिभा और उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा! उक्त कार्यक्रम के संदर्भ में सोमवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया! जिसको प्रमुख रूप से साईनांजलि समिति की अध्यक्ष अनुराधा श्रीवास्तव, खन्ना पोलीवीव प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर पल्लवी खन्ना, बद्रिका ऑटोमोबाइल रॉयल केयर्स प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर मीता सिंह, ऑल इंडिया सिक्स यार्ड वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष चेतना मिश्रा, इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी रीवा की सी.ई.ओ. सुष्मिता जयपुरिया एवं युवा समाजसेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने सम्बोधित किया!

पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने बताया कि कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विभिन्न शहरों के विभिन्न तरह के उत्पाद, हस्तशिल्प, सजावटी सामग्री, कपड़े, ज्वेलरी, स्थानीय व्यंजनों का स्वाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन, बांस एवं मिट्टी की बनी कलाकृति, सिल्वर ज्वैलरी, ड्रायफ्रूट, एवं करवा चौथ से संबंधित आयटम, विभिन्न स्थानों के हस्तशिल्प, क्राकरी, दीपावली से संबंधित सजावट के सामान एवं मेंहदी लगाने के लिए आर्टिस्ट होंगे! साथ ही रीवा हाट में भाग लेने वाली महिला उद्यमी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी और ग्राहकों से सीधे जुड़कर अपने उत्पादों का विक्रय करेंगी! यह आयोजन महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय अवसर होगा। विंध्य एसोसिएशन आफ वीमेन एंटरप्रेन्योर द्वारा आयोजित ÷रीवा हाट÷ महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रयास है। पत्रकार वार्ता के अंत में सभी आवाम से तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है!




## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें अटेण्ड न करने वाले अधिकारियों की वेतन वृद्धियाँ रोकने के निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सिटीजन चार्टर की सेवाएँ भी लोगों को समय में मिले तथा सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को नियमित अटेण्ड करें। जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों को अटेण्ड नहीं किया गया है उनकी दो वेतनवृद्धियाँ तत्काल प्रभाव से रोकी जायेगी। उन्होंने जनपद गंगेव के सीईओ की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश बैठक में दिये। कलेक्टर ने आगामी समाधान कार्यक्रम में शामिल किये गये प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व से संबंधित नामांतरण की शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में लंबित शिकायतों के साथ ही अधिकारी शासन के निर्देश के अनुसार शिकायतों का जबाव फीड करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि भूअर्जन के प्रकरणों में धाराओं के प्रकाशन तथा सुनवाई की कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का निराकरण करें। कोई भी विभाग चालू माह की रैकिंग में डी ग्रेड में नहीं रहे। बैठक में कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देश दिये कि पटाखों की दुकानों का सत्यापन करें तथा पटाखों के अस्थाई बाजार का भ्रमण कर इस बात की सुनिश्चिता करायें कि वहां निर्देशों के पालन के साथ ही सावधानियाँ बरती जांय। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र चोरहटा एवं गु? में भ्रमण कर प्लांट एवं लाइसेंस का सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एसडीएम यह देखें कि जिस उद्योग के लिए लाइसेंस लिया गया है वहां वह उद्योग ही संचालित हो रहा है। कलेक्टर ने भ्रमण के समय छात्रावासों, स्वास्थ्य संस्थाओं तथा सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश एसडीएम को दिये। उन्होंने धान उपार्जन का सत्यापन कार्य प्रारंभ कराने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित सभी एसडीएम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अच्छी कानून व्यवस्था और सुशासन से ही प्रदेश का विकास होगा। जन कल्याण को केन्द्र में रखकर विकास योजनाओं का परिणाममूलक क्रियान्वयन करें। औद्योगिक विकास के लिए भारी मात्रा में निवेश की आवश्यकता है। निवेश के लिए अच्छी अधोसंरचना आवश्यक होगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में कई ब?ी परियोजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा में पूरा कराएं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व तथा पुलिस अधिकारी निचले स्तर तक समन्वय से कार्य करें। गणेश विसर्जन, नवरात्रि, ईद तथा दशहरे में पूरे प्रदेश में अच्छी कानून व्यवस्था के लिए सभी अधिकारियों को बधाई। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक कार्य पूरी संवेदनशीलता से करें। लंबित प्रकरणों का विश्लेषण कर उनकी कमी दूर करने का प्रयास करें। सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद रखें। प्रशासनिक कार्यों और विकास के कार्यों से आमजनता को जो?ें। योजनाओं के संबंध में सही जानकारी आमजनता तक पहुंचाएं। कमिश्नर और कलेक्टर राजस्व कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। नहरों की तत्काल मरम्मत कराकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाएं। जिन सिंचाई परियोजनाओं में प्रेशराइज्ड पाइप पानी दिया जा रहा है वहाँ के सभी किसानों को स्प्रिंकलर के उपयोग के लिए प्रेरित करें। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को घर, बिजली, पानी और एलपीजी गैस की सुविधा दी जा रही है। इनसे जु?ी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। आकांक्षी जिले तथा विकासखण्ड एवं गति शक्ति योजना को जिला स्तर तक लागू करने के प्रयासों की भी मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर पटवारियों के उनके हल्के के ग्राम पंचायत में सप्ताह में निर्धारित दिन में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी फसल के लिए बीज की कमी नहीं है। यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में भण्डारित है। डीएपी खाद की आपूर्ति कम है। कलेक्टर खाद के वितरण की उचित व्यवस्था करें। जिन वितरण केन्द्रों में अधिक संख्या में किसान पहुंच रहे हैं वहाँ निजी विक्रेताओं के भी काउंटर शुरू करा दें। डीएपी के स्थान पर एनपीके और एसएसपी के खाद के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक करें। इसके लिए लगातार व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। धान तथा अन्य अनाजों के उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों में पूरी व्यवस्था कर लें। उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया के नियंत्रण एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए उचित व्यवस्था करें। जिन संभागों में नए जिलों का गठन हुआ है वहाँ कमिश्नर नए जिलों में मुख्य जिले के अधिकारियों की सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में डीजीपी सुधीर सक्सेना ने कहा कि पूरे प्रदेश में राजस्व और पुलिस अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं जिसके कारण त्यौहारों में कानून और व्यवस्था की अच्छी स्थिति बनी रही। कई जिलों में निराश्रित गौवंश स?कों पर रहने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन गौवंशों को गौशालाओं अथवा अन्य स्थानों में व्यवस्थित कराएं। नशीले पदार्थों के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखें। जिला स्तरीय एनकोर समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करके नशामुक्ति अभियान समीक्षा करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग में सभी त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुए। मैहर में नवरात्रि मेले में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। चित्रकूट में दीवाली में लगभग 20 लाख लोग दीपदान के लिए आएंगे। इसके लिए पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। सभी जिलों में जन सुनवाई नियमित रूप से की जा रही है। राजस्व महाअभियान में भी प्रथम अभियान की तुलना में संभाग के सभी जिलों में स्थिति में सुधार हुआ है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय से आईजी एमएस सिकरवार, अपर कमिश्नर अरूण परमार, डीआईजी एसपी पाण्डेय तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि विकास के लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हुई तो होगी कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 24 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन सहित अन्य विभागों की समीक्षा करेंगे। बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की पूरी जानकारी दो दिवस में प्रस्तुत कर दें। गत वर्ष की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन संतोषजनक नहीं है। कृषि विकास के लिए जो निर्देश दिए गए थे उनके पालन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने कस्टम हायरिंग सेंटर के उपकरणों के उपयोग के संबंध में भ्रामक जानकारी देने पर संभागीय एग्रीकल्चर इंजीनियर शरद कुमार नारनौरे को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के लिए नवीन सूचना तकनीक का लगातार उपयोग किया जा रहा है। गत वर्ष की बैठक में कृषि तथा उससे जु? विभाग के अधिकारियों को दामिनी एप एवं आईएमडी मौसम एप अपने मोबाइल में डाउनलोड करने तथा किसानों को भी डाउनलोड कराने के निर्देश दिए गए थे। कृषि विभाग तथा पशुपालन विभाग के ग्राम स्तर तक के सभी अधिकारी और कर्मचारी दो दिवस में इन दोनों एप को अपलोड कर लें साथ ही सभी आरएईओ 15 दिनों में कम से कम सौ किसानों के मोबाइल में इसे डाउनलोड करें। उप संचालक इसकी रिपोर्ट संकलित कर प्रस्तुत करें। साथ ही इन दोनों मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। नरवाई को जलाने से रोकने के लिए किसानों को जागरूक करें। नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्यवाही करें। साथ ही नरवाई को खाद में बदलने के लिए सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे उपकरणों के उपयोग के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने कहा कि सीधी और सिंगरौली जिले में कोदौ, मक्का, ज्वार आदि मोटे अनाजों का अच्छा उत्पादन होता है। इन किसानों को मिलेट प्रोत्साहन योजना का लाभ दें। किसानों को डीएपी के स्थान पर तरल डीएपी तथा एनपीके एवं सिंगल सुपर फास्फेट के खाद के उपयोग के लिए भी जागरूक करें। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। विकासखण्डों में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला शुरू करने के लिए सभी कार्यवाहियाँ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी पशु चिकित्सा अधिकारी बेसहारा गौवंश को गौशालाओं में व्यवस्थित कराने के लिए विशेष प्रयास करें। पशुओं के टीकाकरण, दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार एवं दूध उत्पादन ब?ाने के अन्य प्रयासों की भी नियमित समीक्षा करें। कमिश्नर ने मछली पालन विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, दुग्ध संघ तथा विपणन संघ के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक मछली पालन डॉ अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, कृषि वैज्ञानिक डॉ एसके पाण्डेय, उप संचालक मण्डी, जिला विपणन अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।




## सांसद श्रीमती राय की सासू मां की श्रद्धांजलि सभा 16 अक्टूबर को मुरैना में होगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय की सासू मां एवं सुमन राय की माता जी श्रीमती प्रेमलता के इन निधन पर 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से स्थान एस,आर एम गार्डन मुरैना तिराया अम्बाह मैं श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें समस्त पार्टी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# मेरे लिए फैशन आत्म-अभिव्यक्ति का एक रूप है: भूमि



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का मानना है कि पिछले कुछ सालों में फिल्मों ने अलौकिक सौंदर्यता के मानक स्थापित किए हैं और अगर इनका सही तरीके से उपयोग किया जाए तो फिल्में वास्तव में बहुत सकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। फिल्मों द्वारा फैशन और सौंदर्य मानकों के बारे में पूछे जाने पर भूमि ने बताया, फिल्में किसी भी तरह के मानक स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाती हैं और यह सिर्फ फैशन और सौंदर्य तक सीमित नहीं है। सिनेमा बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर सकता है और अगर इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह वास्तव में बहुत सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ सालों में हमारी फिल्मों ने वास्तव में अवास्तविक सौंदर्य मानक स्थापित किए हैं।

शो के लिए भूमि ने काले रंग की गहरे गले वाली बैकलेस ड्रेस पहनी, जिसमें सुनहरे रंग की आकर्षक सजावट थी। साथ ही डिजाइनर ऋचा खेमका के लिए वह रैंप पर उतरीं। उन्होंने कहा, मेरे लिए फैशन आत्म-अभिव्यक्ति का एक रूप है। यह बहुत मुक्तिदायक और सशक्त बनाने वाला है और मुझे वास्तव में एक ऐसा स्थान मिला है जिसका मैं वास्तव में आनंद लेती हूं। बता दें कि साल 2015 में ?दम लगा के हईशा? के साथ बॉलीवुड में कदम रखने के बाद अभिनेत्री का फैशन के प्रति लगाव बढ़ा है। वह स्टाइल में अपने विकास का श्रेय एक्सपोजर को देती हैं। भूमि ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में फैशन और सौंदर्य के प्रति मेरी पसंद में काफी बदलाव आया है। इसके साथ ही मुझे संपर्क, पहुंच और बेहतरीन पसंद वाले लोगों से मिलने का मौका मिला, जिससे सौंदर्य की दुनिया में मेरे लिए दरवाजे खुल गए।

भूमि ने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे भ्रमित और शर्मीली होने से लेकर यह स्वीकार करने तक कि मुझे फैशन पसंद है, वास्तव में खुद को बाहर लाने और इसके हर पहलू का वास्तव में आनंद लेने तक का रास्ता है। वह लेक्मे फैशन वीक में यूएनडीपी के सर्कुलर डिजाइन चैलेंज में जूरी का हिस्सा थीं। इस पहल का उद्देश्य उन डिजाइनरों को सामने लाना था जो पर्यावरण के अनुकूल फैशन तैयार करते हैं।

# लेविट ने फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की तारीफ की



हॉलीवुड स्टार जोसेफ गॉर्डन लेविट ने बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाडी की तारीफ करते हुये उसे सुंदर और अनोखी फिल्म बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी वर्ष 2022 में रिलीज हुयी थी, जिसमें आलिया भट्ट ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दुनिया भर में दर्शकों से तारीफ मिली हैं।समीक्षकों ने भी इस फिल्म को पसंद किया है। हॉलीवुड स्टार जोसेफ गॉर्डन-लेविट ने भी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की तारीफ की है, उन्होंने इसे अनोखी और ऐसा कुछ बताया है जो उन्हें कभी नहीं देखा है।

# तुम्बाड के मेकर्स ने अगली फिल्म 'क्रेजी' की घोषणा की




फिल्म तुम्बाड की रिलीज के 06 साल पूरे होने पर मेकर्स ने अगली फिल्म 'क्रेजी' की घोषणा की है, जिसमे सोहम शाह लीड रोल में नजर आएंगे। सोहम शाह की फ़ल्मि तुम्बाड के री-रिलीज़ ने बॉक्स ऑफिस पर सबको चौंका दिया है, फिल्म ने अपनी धमाकेदार सफलता से सबका दिल जीता है। इस फिल्म ने अपनी वापसी के साथ लोक कथाओं और रहस्य का एक जबरदस्त मिश्रण पेश किया है। ग्रैंड विजुअल्स और अनोखी कहानी के साथ, तुम्बाड बॉलीवुड या हॉलीवुड में बहुत ही कम देखी जाने वाली एक अलग तारीख की फिल्म बन गई है। अपनी 6वीं एनिवर्सरी पर मेकर्स ने अपने अगले प्रोजेक्ट क्रेजी की भी घोषणा की है, जिसमें सोहम शाह लीड रोल में नजर आएंगे।



# मुझे फिल्म इंडस्ट्री से उन्हें नफरत ही हाथ लगी: मल्लिका शेरावत

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में नजर आने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने बताया है कि कैसे उनकी फिल्मव 'मर्डर' की भारी सफलता के बाद उन्हें बॉलीवुड में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में नजर आई अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने बताया कि कैसे बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'मर्डर' ने उनकी सफलता के नए आयाम खोले। वहीं इंडस्ट्री से उन्हें नफरत ही हाथ लगी। उन्होंने कहा, उस समय मेरे साथ काफी गाली-गलौज की गई। मुझे लगता है कि वे चाहते थे कि मैं मर्डर की सफलता के बावजूद भी खुद पर शर्म महसूस करूं।

उन्होंने कहा कि मर्डर सिर्फ एक बोल्डा फिल्मे ही नहीं थी बल्कि वह गहराई से जुड़ी एक खास फिल्मं थी। उन्होंने आगे शेयर किया, इतनी बड़ी सुपरहिट फिल्मह सिर्फ बोल्डि सींस के आधार पर ही सुपरहिट नहीं हो सकती। इसकी कहानी बेहद खास थी। इसकी स्टोरी की गहराई को महिलाओं ने बेहद पसंद किया। एक शादीशुदा महिला के अकेलापन की यह कहानी दर्शकों को बेहद ही पसंद आई, जिसने इसे एक क्लासिक, कल्ट फिल्म का दर्जा दिया।

जब उनसे पूछा गया कि फिल्म के निर्माता, महेश भट्ट ने उस समय उन्हें क्या कहा था, तो अभिनेत्री ने कहा, मैं रोते हुए उनके पास जाती थी, भट्ट ने मुझसे कहा कि इसमें परेशान होने की जरूरत नहीं है इसका आनंद लो। इसके साथ ही उन्होंकने कहा कि जब वह तुम्हारे बारे में बात करना बंद कर देंगे, उस दिन तुम रोओगी।

उन्होंने आगे बताया, भट्ट ने मुझसे कहा कि आपको खुश होना चाहिए कि वे आपके बारे में बात कर रहे हैं। वे कितनी महिलाओं के बारे में बात करते हैं। तो इस तरह, मुझे लगा कि वह मुझे मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे थे और जिसने भी बॉलीवुड में लंबी पारी खेली है वह इस चीज से वाकिफ है।

# जब एक दूसरे के दुश्मन बने थे करण-अर्जुन

बॉलीवुड में साल 2008 में एक ऐसा वक्त भी था, जब सलमान खान और शाहरुख खान के बीच दुश्मनी की दीवार खड़ी हो गई थी। अभिनेत्री केटरीना केफ की बर्थडे पार्टी में दोनों सुपरस्टार में जमकर बहस हुई, जिसके बाद हिन्दी सिनेमा के 'करण-अर्जुन' एक दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करते थे। दोनों के फैंस क्लब भी अपने-अपने स्टार के लिए सोशल मीडिया पर मानों जंग छेड़ देते थे। लेकिन, बॉलीवुड के ये दो दिग्गज सुपरस्टार एक व्यक्ति के कहने पर वर्षों चली दुश्मनी को भुलाकर दोस्त बने थे। वह व्यक्ति थे बाबा सिद्दीकी। जिनकी देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाबा सिद्दीकी महाराष्ट्र की राजनीति में एक जाने-माने चेहरे थे। वह बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे। हालांकि, कांग्रेस में लंबे समय तक रहने के बाद उन्होंने अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट का दामन थाम लिया था।



बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के काफी करीब बताए जाते थे। खासतौर पर उनकी दोस्ती सलमान खान से काफी गहरी रही थी। बाबा सिद्दीकी हर साल ईद पर इफ्तार पार्टी का आयोजन करते थे। जिसमें टीवी, राजनीति, खेल, फिल्मों से जुड़े कलाकार शिरकत करते थे। इस पार्टी में हर साल सलमान-शाहरुख भी शामिल होते थे। साल 2013 में बाबा सिद्दीकी ने ईद के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। सलमान खान और शाहरुख खान इस पार्टी में मौजूद थे। इस पार्टी में बाबा सिद्दीकी ने दोनों अभिनेताओं के बीच फिर से दोस्ती कराई थी। उस पार्टी में जब सलमान सभी से मिल रहे होते हैं, तो वह कुर्सी पर बैठे शाहरुख खान की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं। शाहरुख भी सलमान खान की ओर से बढ़े हाथ को थामते हैं और उनसे गले मिलते हैं। इसके पीछे बाबा सिद्दीकी ने अहम भूमिका निभाई थी। बाबा सिद्दीकी पार्टी में दोनों सितारों को अपने साथ बातचीत के लिए ले गए थे और दोनों की वर्षों पुरानी दुश्मनी को खत्म करा दिया था।

इसके बाद हर साल सलमान खान और शाहरुख खान बाबा सिद्दीकी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। दोनों की दोस्ती आगे चलकर काफी गहरी हुई। सलमान कई मंचों पर शाहरुख खान की मेहनत और उनके जैसा सुपरस्टार बनने की इच्छा प्रकट कर चुके हैं। जब शाहरुख खान का करियर ढलान पर था तो सलमान ने उनकी कई फिल्मों में केमियो देकर शाहरुख के लिए अपनी दोस्ती निभाई। 'पठान' में सलमान का केमियो फिल्म को हिट कराने की गारंटी बना। वहीं, शाहरुख ने भी सलमान की 'टाइगर-3' में केमियो कर दोस्ती निभाई थी।

बहुरंग

## वरूण धवन-जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और जेकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर 'बेबी जॉन' में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जेकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे।जेकी श्रॉफ के किरदार का नाम 'बब्बर शेर' है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'बेबी जॉन' का टीजर शेयर किया है। टीजर में जेकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं।उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है।वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है।

वरूण धवन ने टीजर शेयर करते हुए केप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'बेबी जॉन' को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है।

दिलचस्प

## रजनीकांत की 'वेट्टैयन' ने पहले वीकेंड 81 करोड़ कमाए



दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है।

इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बेनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।



# 34 वर्ष की हुईं पूजा हेगड़े

जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गयी। पूजा हेगड़े का जन्म 13 अक्टूबर 1990 को मुंबई में हुआ।पूजा को स्कूल के दिनों से फैशन और मॉडलिंग का शौक था, इस कारण वह स्कूली और कालेज के दिनों से ही इन सभी प्रतियोगितायों में हिस्सा लिया करती थीं। पूजा हेगड़े ने मिस इंडिया 2009 प्रतियोगिता में भाग लिया, लेकिन मिस इंडिया टेलेंटेड 2009 का सम्मान जीतने के बावजूद शुरुआती दौर में ही बाहर हो गईं। उन्होंने अगले वर्ष फिर से आवेदन किया और मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 प्रतियोगिता में दूसरी रनर-अप रहीं। इस प्रतियोगिता के बाद उन्हें दक्षिण की फिल्मों में मौका मिला। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2012 मे तमिल फिल्म मुगमोदो से की थी। इस फिल्म में उनके अभिनेता जीवाथे। उसके बाद वह वर्ष 2014 में तेलगु फिल्म ओका लेला कोसम में नाग चेतन्य के साथ दिखाई दीं।

पूजा हेगड़े ने वर्ष 2016 में प्रदर्शित मोहनजोदाड़ो से बॉलीवुड में अपने सिने करियर की शुरूआत की। आशुतोष गोवारिकर के निर्देशन में बनी फिल्म मोहनाजोदाड़ो में पूजा हेगड़े ने ऋतिक रोशन के साथ काम किया। वर्ष 2019 में पूजा हेगड़े ने सुपरहिट हिंदी फिल्म हासउफुल में काम किया। वर्ष2021 में पूजा हेगड़े ने प्रभास के साथ फिल्म राधेश्याम और वर्ष 2022 में रणवीर सिंह के साथ फिल्म सर्कस में काम किया। वर्ष 2023 में पूजा हेगड़े ,सलमान खान के साथ फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आयी।



## संगठन का होगा विस्तार रू जाकिरराज चैहान

बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. का दशहरा मिलन समारोह सम्पन्न
ललितपुर। रविवार को बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजिस्टर्ड की बैठक एवं होली मिलन समारोह क्लब के पनारी स्थित पंजीकृत कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी ने की। बैठक का संचालन करते हुये महामंत्री परशुराम झा ने कहा कि अब एकजुट रहते हुये संगठन के विस्तार पर ध्यान दिया जाना चाहिये। अन्य वक्ताओं ने जनहित के नये मुद्दे उठाने और संगठन की महिला विंग को सक्रिय करने की आवश्यकता बताई। क्लब में नयी आयी सदस्या शहनाज बेगम और नये आये सदस्य रवि चुनगी का स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों को परम्परागत तरीके से पान का बीड़ा खिलाकर असत्य पर सत्य की जीत के त्योहार की शुभकामनाऐं दीं। पटाखे फोडकर खुशी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान क्लब के संरक्षकगण रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चैहान, राजाराम यादव, सच्चानंद गोलवानी, फहीम बख्श, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री परशुराम झा, संगठन मंत्री अनुज सिंह, शिवप्रताप सिंह, जावेद किरमानी, शत्रुघन यादव टोड़ी, अरविन्द सेन, सजल दिवाकर, वेदप्रकाश लिटौरिया, मनीष कुमार, नाजिर बेग, नीटू आदि मौजूद रहे।

## महर्षि बाल्मीकि जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस किया रक्तदान



ललितपुर। महर्षि बाल्मीकि जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में महर्षि बाल्मीकि जन्म उत्सव के पूर्व प्रथम दिवस सर्वप्रथम बाल्मीकि समाज एवं महर्षि बाल्मीकि जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने जेल चैराहा स्थित बाल्मीकि मंदिर पर महर्षि बाल्मीकिजी की पूजा की। पूजा अर्चना की उसके बाद महिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में जाकर बाल्मीकि समाज के जागरूक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान समिति अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना की और जो महाकाव्य के पाठ में उल्लेखित है। उन्हें आदि कवि के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिसका अर्थ है प्रथम कवि, क्योंकि उन्होंने पहला श्लोक खोजा, जिसने संस्कृत काव्य का आधार तैयार किया और उसका स्वरूप निर्धारित किया। रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मंजीत करोसिया, महामंत्री कुंजबिहारी बाबरा, उपाध्यक्ष आदर्श करोसिया, अशोक मारोठिया, आशीष अहारिया, अमित करोसिया, प्रियंक करोसिया, विनीत वाल्मीकि बाबा, शनि, बृजेश नहारिया, जितेन्द्र शहरदार, अभय करोसिया, नवल घावरी, अंगित करोसिया, जितेन्द्र करोसिया, भगत बांगरे आदि ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मंगलवार को समिति द्वारा फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा।

## आपत्ति प्राप्त करने के लिए पब्लिक डोमिन अपलोडः अपर जिलाधिकारी



ललितपुर। अपर जिलाधिकारी वि./रा. अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय निदेशक के निर्देषों के क्रम में जनपदों के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डी.एस.आर.) के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव एस.ई.आई.ए.ए. एवं एस.ई.ए.सी. की संयुक्त बैठक में लिये गये निर्णय एवं तैयार की गयी स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसियूडर (एस.ओ.पी.) के अनुसार उप खनिज ईमारती पत्थर यथा खण्डा, गिट्टी, बोल्डर, पटिया, लाल मोरम एवं ग्रेनाइट आयामी पत्थर आदि जनपद में विधिमान्य चिन्हित खनन क्षेत्रों की तैयार की गयी ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का परीक्षण गठित समिति द्वारा 17 सितम्बर 2024 को किया गया। इसे कलेक्ट्रेट में पब्लिक डोमेन कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं खनन कार्यालय में 30 दिन के लिए रखे जाने तथा अपर जिलाधिकारी (वि.धा.) एवं खान अधिकारी के कार्यालय की नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। इसमें लोगों से सुझाव एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट में पब्लिक डोमेन (जिले की वेबसाईट) पर अपलोड करा दिया गया है।

## नवरात्र के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### गौंड़ बाबा के मंदिर में महिलाओं के लिए दिखी अलग व्यवस्था



ललितपुर। नवरात्र के पावन अवसर पर शहर के पूर्व पार्षद लवली शर्मा के निवास के पीछे गौंड़ बाबा की मडिया पर दुर्गा पूजा समिति नवदुर्गा झांकी स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। दुर्गा पूजा समिति की कमेटी द्वारा बताया कि पिछले कई सालों से गौंड़ बाबा कि मडिया के पास मां की प्रतिमा को देवी स्थान के समीप विराजमान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पिछले कई सालों से नवरात्रि के नौवें दिन भंडारे का आयोजन एक परंपरा के रूप में किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के प्रमुख सदस्यों में जीतेन्द्र शर्मा, लवली शर्मा, पत्रकार सुरेन्द्र सपेरा, अनुज, छोटू, बिपुल, गुप्ताजी सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामुदायिक एकता और सौहार्द का भी उदाहरण बना। आने वाले सालों में इस परंपरा को और भव्य रूप से मनाने की योजना है।

## बच्चों के झगड़े में मारपीट

ललितपुर। पनारी रोड स्थित देवीसिंह कालोनी में रहने वाले जगदीश नामदेव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात पड़ौस में रहने वाले उस्ताद कुशवाहा, कमलेश, भगवानदीन व चुख्खू की दोनों बहुओं से बच्चों के विवाद हो गया। बताया कि उक्त लोगों ने उसके घर में घुसकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर पड़ौसियों के एकत्र होने पर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# आगामी त्यौहारों पर यातायात व्यवस्था के संबंध में यातायात पुलिस शिवपुरी एवं नगर पालिका ने किया टेकरी बाजार का संयुक्त भ्रमण





**पत्रकार सतीश परिहार**

शिवपुरी। यातायात पुलिस शिवपुरी द्वारा आगामी त्यौहार के मद्देनजर रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था सुगम एवं व्यवस्थित बनाने हेतु आज दिनांक 14/10/2024 को नगर पालिका के साथ शहर के मुख्य बाजार कोर्ट रोड,टेकरी,प्रगति बाजार,सराफा बाजार का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान व्यापारी वर्ग एवं आमजन द्वारा सुझाव दिये कि त्यौहार पर टेकरी एवं प्रगति बाजार में दो पहिया वाहनों के आने से जाम की स्थिति निर्मित होती आगामी त्यौहार पर सराफा एवं प्रगति बाजार में दो पहिया वाहन प्रतिबंधित किये जाये जिससे बाजार में जाम की स्थिति निर्मित न होने पाये। त्यौहारी सीजन में यातायात पुलिस द्वारा टेकरी बाजार, न्यू ब्लॉक, गाँधी चौक पर यातायात के 1-1 पाइन्ट लगाये जायेगे जो टेकरी बाजार ,न्यू ब्लॉक एवं गाँधी चौक की से प्रगति बाजार एवं सराफा बाजार की तरफ दो पहिया वाहनों को नियंत्रित करेंगेंल। व्यापारी वर्ग द्वारा बताया गया कि टेकरी मार्ग पर काफी भीड भाड रहती है वाहन काफी तेज गति से चलते से वाहनों की गति नियंत्रण कि लिए स्पीड ब्रेकर लगाने की आवश्यकता है। व्यापारी वर्ग की माँग पर टेकरी मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगवाये जायेगें।
भ्रमण के दौरान गर्ल्स स्कूल के पास नगर पालिका द्वारा लगाये गये बैरिकेड को हटाकर वहाँ पर पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर पत्र लेख किया गया है। उक्त स्थान पर पार्किंग स्थान बनने से टेकरी बाजार में जाने वाले वाहन पार्किंग कर सकेगें। भ्रमण के दौरान दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे सामान न रखने एवं अपनी दुकानों के सामने ठेले न लगवाने के संबंध में समझाईश दी गई। यातायात पुलिस शिवपुरी सभी से अनुरोध करती है कि त्योहार के समय ज्यादा से ज्यादा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें जिस से बाजार में अनावश्यक वाहनों की भीड़ नहीं हो।

# 11 निरीक्षक व 11 उप निरीक्षकों के स्थानान्तरण

## एसपी ने किया अधीनस्थों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

ललितपुर। जिले में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दे रहे हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था में इजाफा करते हुये 11 निरीक्षक व 11 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में व्यापक स्तर पर बदलाव किया है। पुलिस महकमे के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा को प्रभारी निरीक्षक थाना पाली से प्रभारी निरीक्षक थाना मडावरा, निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना नाराहट से प्रभारी निरीक्षक थाना गिरार, निरीक्षक प्रमोद कुमार को पी.आर.ओ. एसपी से प्रभारी निरीक्षक थाना नाराहट, निरीक्षक कृष्णदेव यादव को वाचक पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना, निरीक्षक हरिशंकर को अतिरिक्त निरीक्षक थाना तालबेहट से प्रभारी निरीक्षक थाना ए.एच.टी.यू., निरीक्षक उदयभान गौतम को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक थाना पाली, निरीक्षक मुनेश भारती को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना तालबेहट, निरीक्षक मनोज मिश्रा को प्रभारी डी.सी.आर.बी. प्रभारी मॉनीटरिंग सेल, प्रभारी संयुक्त प्रकोष्ठ से वाचक एसपी, निरीक्षक सत्येन्द्र यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी डी.सी.आर.बी. प्रभारी मॉनीटरिंग सेल, प्रभारी संयुक्त प्रकोष्ठ, निरीक्षक स्वास्तिक द्विवेदी को पुलिस लाइन से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ एवं निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध थाना नाराहट भेजा गया है। वहीं उ.नि. अजीत सिंह को थानाध्यक्ष मदनपुर से थानाध्यक्ष बालाबेहट, उ.नि. राजपाल सिंह को थानाध्यक्ष बालाबेहट से थानाध्यक्ष मदनपुर, उ.नि. महेन्द्र कुमार को थानाध्यक्ष गिरार से थाना बार, उ.नि. योगेन्द्र सिंह को थानाध्यक्ष ए.एच.टी.यू. से थाना बार, उ.नि. विनय को थाना नाराहट से चैकी प्रभारी अमझरा घाटी, उ.नि. गौरव कुमार को चैकी प्रभारी बरौदिया से चैकी प्रभारी डोंगराकला, उ.नि. विश्राम सिंह को थाना नाराहट से चैकी प्रभारी बरौदिया, उ.नि. योगेश यादव को थाना तालबेहट से चैकी प्रभारी धौरी सागर थाना गिरार, उ.नि. मंसूर अंसारी को थाना तालबेहट से थाना जखौरा, उ.नि. अर्जुन सिंह को पुलिस लाइन से थाना बार, उ.नि. त्रिपुरेश कुमार पाण्डेय को पुलिस लाइन से थाना गिरार भेजा गया है।

## सुरवाया थाना प्रभारी की तत्परताः गायब लड़की को परिजनों से मिलाने में सफल

**पत्रकार सतीश परिहार**




करैरा- सुरवाया थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह चौहान ने एक नाबालिग लड़की को उसके परिजनों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जब उन्हें जानकारी मिली कि एक 17-18 वर्षीय लड़की झांसी की ओर जा रही बस से सुरवाया थाने पर छोड़ दी गई है, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की थाना प्रभारी ने लड़की को सुरक्षित थाने में बिठाया और उसकी स्थिति का जायजा लिया हालांकि, लड़की केवल अपना नाम बता पाई, जिससे उसके परिवार का पता लगाना चुनौतीपूर्ण हो गया। इस स्थिति को देखते हुए, रामेन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और मामले की जानकारी साझा की जल्द ही, लड़की के परिजनों को इस सूचना मिली और वे थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया और अपनी बेटी को सुरक्षित घर ले गए यह घटना सुरवाया पुलिस की तत्परता और जिम्मेदारी को दर्शाती है, जिसने एक गंभीर स्थिति को सफलतापूर्वक संभाला।

## संगठन का होगा विस्तार रू जाकिरराज चैहान

**बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजि. का दशहरा मिलन समारोह सम्पन्न**

ललितपुर। रविवार को बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब रजिस्टर्ड की बैठक एवं होली मिलन समारोह क्लब के पनारी स्थित पंजीकृत कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी ने की। बैठक का संचालन करते हुये महामंत्री परशुराम झा ने कहा कि अब एकजुट रहते हुये संगठन के विस्तार पर ध्यान दिया जाना चाहिये। अन्य वक्ताओं ने जनहित के नये मुद्दे उठाने और संगठन की महिला विंग को सक्रिय करने की आवश्यकता बताई। क्लब में नयी आयी सदस्या शहनाज बेगम और नये आये सदस्य रवि चुनगी का स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों को परम्परागत तरीके से पान का बीड़ा खिलाकर असत्य पर सत्य की जीत के त्योहार की शुभकामनाऐं दीं। पटाखे फोडकर खुशी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान क्लब के संरक्षकगण रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चैहान, राजाराम यादव, सच्चानंद गोलवानी, फहीम बख्श, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, महामंत्री परशुराम झा, संगठन मंत्री अनुज सिंह, शिवप्रताप सिंह, जावेद किरमानी, शत्रुघन यादव टोड़ी, अरविन्द सेन, सजल दिवाकर, वेदप्रकाश लिटौरिया, मनीष कुमार, नाजिर बेग, नीटू आदि मौजूद रहे।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरयाना में सम्पन्न

## बछरावनी की सुहाना व गुरयाना की निशा पाँच-पाँच मैडल जीतकर बनी चैंपियन

ललितपुर। विकास खण्ड मड़ावरा अंतर्गत संकुल केन्द्र पारौल की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खण्ड शिक्षाधिकारी नरेश कुमार के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरयाना में किया गया। शुभारम्भ सामूहिक राष्ट्गान से किया गया, बच्चों ने सरस्वती वंदना की सुन्दर प्रस्तुति दी। सहा.अ.विशाल जैन ने कहा सभी बच्चे खेलों को हार-जीत नहीं सौहार्द की भावना से खेलें। सहा.अ. राजीव गुप्ता ने कहा खेलों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास के साथ नेतृत्व क्षमता प्रबल होती है। सहायक अध्यापक राकेश शर्मा ने कहा बच्चों को खेल में राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने के लिये विद्यालय स्तर पर प्रथम सीढ़ी है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक संतोष कुशवाहा ने कहा सतत प्रयास से खेलने की क्षमता का विकास होगा एवं छुपी प्रतिभाएं निकलकर आएँगी। लोक गीत में उच्च प्राथमिक विद्यालय पारौल के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कबड्डी और खो-खो में बछरावनी के बच्चे अव्वल रहे। कबड्डी में चांदौरा द्वितीय, देवरी तृतीय और खो-खो में पारौल द्वितीय, पटना तृतीय रहा। जूनियर वर्ग के बालकों की दौड़ में पहाड़ीकलां के गौरव प्रथम, पटना के धर्मेंद्र द्वितीय, चांदौरा के लक्ष्मण तृतीय बालिकाओं की दौड़ में बछरावनी की सुहाना प्रथम, अंजली द्वितीय, बहादुरपुर की आरुषि तृतीय बालकों की ऊंची कूद में गुरयाना के विश्वप्रताप प्रथम, बछरावनी के अमरेश द्वितीय, हृतिक तृतीय बालिकाओं की ऊंची कूद में पटना की चांदनी प्रथम, चांदौरा की अनामिका द्वितीय, बछरावनी की सुहाना तृतीय बालकों की लम्बी कूद में बछरावनी के अमरेश प्रथम, गुरयाना के विश्वप्रताप द्वितीय, पटना के धर्मेंद्र तृतीय बालिकाओं की लम्बी कूद में पटना की चाँदनी प्रथम, बछरावनी की सुहाना द्वितीय, आरती तृतीय बालकों के गोला फेंक में देवरी के अभिषेक प्रथम, गुरयाना के विश्वप्रताप द्वितीय, देवरी के अक्षय तृतीय बालिकाओं के गोला फेंक में बछरावनी की निशा प्रथम, बहादुरपुर की रोशनी द्वितीय, बछरावनी की अंजली तृतीय बालकों के डिस्क थ्रो में देवरी के अक्षय प्रथम, अभिषेक द्वितीय, बछरावनी के अमरेश तृतीय बालिकाओं के डिस्क थ्रो में बछरावनी की अंजली प्रथम, चाँदौरा की रश्मि द्वितीय, बछरावनी की सुहाना तृतीय कला में पटना के धर्मेंद्र प्रथम, चाँदौरा की इस्मिता द्वितीय, पटना के पंकज और चाँदौरा की अनामिका तृतीय सुलेख में चाँदौरा की इस्मिता प्रथम, पटना के पंकज और बहादुरपुर की रोशनी द्वितीय, गुरयाना की इशिका और मनीषा तृतीय रहीं। प्राथमिक वर्ग के बालकों की दौड़ में बरौदिया के श्रीपत प्रथम, चाँदौरा के राजदेव द्वितीय, देवरी के साहब तृतीय बालिकाओं की दौड़ में गुरयाना की निशा प्रथम, पारौल की श्रद्धा द्वितीय, सिंगरवारा की जानवी तृतीय बालकों की ऊँची कूद में बछरावनी के देव प्रथम, बरौदिया के श्रीपत द्वितीय, चाँदौरा के राजदेव तृतीय बालिकाओं की ऊँची कूद में पारौल की श्रद्धा प्रथम, सिंगरवारा की जानवी द्वितीय, गुरयाना की निशा तृतीय बालकों की लम्बी कूद में चाँदौरा के राजदेव प्रथम, बछरावनी के देव द्वितीय, देवरी के अनिकेत तृतीय बालिकाओं की लम्बी कूद में सिंगरवारा की जानवी प्रथम, गुरयाना की निशा द्वितीय, पारौल की श्रद्धा तृतीय बालकों के गोला फेंक में गुरयाना के अंकित प्रथम, सिंगरवारा के हरिओम द्वितीय, देवरी के मयंक तृतीय बालिकाओं के गोला फेंक में गुरयाना की निशा प्रथम, चाँदौरा की राशि द्वितीय, सिंगरवारा की जानवी तृतीय बालकों के डिस्क थ्रो में सिंगरवारा के कपिल प्रथम, चाँदौरा के रविंद्र द्वितीय, पारौल के निशांत तृतीय बालिकाओं के डिस्क थ्रो में गुरयाना की सोनाली प्रथम, चांदौरा की विशाखा द्वितीय, गुरयाना की दीक्षा तृतीय कला में गुरयाना की नीलम प्रथम, आयुषी द्वितीय, निराशा तृतीय और चाँदौरा की राशि द्वितीय, विशाखा तृतीय सुलेख में गुरयाना की निराशा प्रथम, चाँदौरा की राशि द्वितीय, चाँदौरा के सत्यम और गुरयाना की नीलम तृतीय रहीं। सभी विजयी प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जूनियर में बछरावनी की सुहाना और प्राथमिक में गुरयाना की निशा पाँच-पाँच मैडल जीतकर चैंपियन बनी। इस मौके पर रक्खूलाल, कमलेश सेन, नरेंद्र प्रताप सिंह, देशबंधु नरवरिया, राजीव गुप्ता, राकेश शर्मा, हाकम सिंह, आदेश पुरोहित, स्वाति श्रीवास्तव, प्रभा सिंह, संध्या, अनीता तिवारी, विनीता पाठक, लक्ष्मणदास, ज्योतिरादित्य, अमित पटेल, वेद प्रकाश विदुआ, सत्येंद्र सोनी, राघवेंद्र सिंह, अमित जैन, शिक्षानंद, सुनील कुमार, रामसेवक आदि मौजूद रहे। संचालन विशाल जैन पवा एवं आभार व्यक्त संतोष कुशवाहा एवं नरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।




## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
14 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आकांक्षा करोठिया एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टि के साथ निराकरण होना चाहिए। सभी अधिकारी यह भी ध्यान रखे कि उनकी लापरवाही के कारण जिले की ग्रेडिंग प्रभावित न हो। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में जिले की ग्रेडिंग 'ए' लेवल पर आना चाहिए। जो विभाग अभी 'सी'; एवं डी' कैटिगिरी में है वे 'ए' कैटिगिरी में आने के लिए तत्परता के साथ प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में बताया गया कि समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों की समीक्षा प्रदेश स्तर से पुनः प्रारंभ हो रही है। हर माह के 28 तारीख को समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। अतः सभी अधिकारी जिले से संबधित समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों को अस्पतालों की निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है वे सतत रूप से अस्तपालों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। दूसरे चरण के निरीक्षण में इस बात का भी ध्यान रखें कि पहले चरण।

## छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी बहुत जरूरी टी आई प्रदीप सोनी





स्कूल की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे अपने शरीर और व्यक्तिगत सीमाओं के प्रति सजग रह सकें।जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य बातें कार्यक्रम में टीआई प्रदीप सोनी ने छात्राओं को समझाया किसी भी अनजान व्यक्ति की



फेसबुक या व्हाट्सएप या इंस्टाग्राम को लाइक एवं फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट नहीं करना है जिसको अपन जानते नहीं है असहजता या डर पैदा करता है, और इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं करना चाहिए। टीआई ने छात्राओं को यह भी बताया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार का असहज या खतरे का अनुभव होता है, तो उन्हें तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षक को सूचित करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को आत्म-रक्षा के कुछ बुनियादी टिप्स भी दिए, ताकि वे किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना कर सकें।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति कार्यक्रम में स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित थीं, जिन्होंने छात्राओं के लिए इस विषय पर अपनी राय साझा की और उनके सवालों का जवाब दिया। उन्होंने भी छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया छात्रों की सक्रिय भागीदारी- मालनपुर, तिलोरी, गुरीखा, हरिराम पूरा, और सिंघवारी जैसे क्षेत्रों की छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल हुईं और सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस विषय पर चर्चा की, जिससे उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूकता मिली। इस जागरूकता कार्यक्रम ने न केवल छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जानकारी दी, बल्कि उन्हें आत्म-विश्वास और जागरूकता के साथ जीने के लिए प्रेरित किया। मालनपुर थाना प्रभारी प्रदीप सोनी ने इस तरह के कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया है ताकि युवा पीढ़ी को सुरक्षित और सक्षम बनाया जा सके।

## बयाना पुल के नीचे रस्सी से हाथ-पैर बंधा युवक मिला

### पड़ौसी से रंजिश भुनाने के लिए किया षडयंत्रः सीओ सदर



ललितपुर। झांसी रोड स्थित डा.भीमराव अम्बेडकर पार्क के पास बयाना नाला पुल के नीचे रस्सी से हाथ-पांव बंधा हुआ युवक अर्द्धमूर्छित अवस्था में पड़ा मिलने से हडकम्प मच गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने युवक के पुल के नीचे पड़े होने की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सम्बन्धित थाना पुलिस के अलावा क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की।युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने प्रकरण की जांचोपरान्त खुलासा किया है कि पड़ौसी से हुये विवाद में रंजिश भुनाते हुये गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराने की फिराक में उक्त युवक द्वारा यह पूरा षडयंत्र किया गया है। सोमवार की सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने बयाना नाला पर बने नये पुल के नीचे एक युवक को देखा। युवक को लोगों ने काफी आवाजें लगायीं। लेकिन जब कोई हरकत नहीं हुयी तो लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को राहगीरों की मदद से पास जाकर देखा तो युवक के दोनों पैर व हाथ पीछे की ओर गर्दन तक एक रस्सी से बंधे हुये थे। युवक अर्द्धमूर्छित अवस्था में था। पुलिस ने लोगों की मदद से युवक को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक का नाम मोहल्ला घुसयाना निवासी 20 वर्षीय शाहिद पुत्र अहमद बताया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने बताया कि शाहिद का विगत रात्रि पड़ौसी से विवाद हो गया था। पड़ौसी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराकर रंजिश भुनाने के लिए यह षडयंत्र किया गया है। सीओ ने दावा किया है कि शाहिद द्वारा स्वयं को रस्सी से बंधवाकर बयाना नाला के नीचे जाकर लेट गया और षडयंत्र किया गया है। प्रकरण की और जांच की जा रही है।



# आयुर्वेद से भगाएं ऑस्टियोआर्थराइटिस

**आयुर्वेद में ऑस्टियोआर्थराइटिस को संधिवात के रूप में जाना जाता है, जो जोड़ों का विकार है। इसका मतलब है कि हमारे शरीर के निचले हिस्से की हड्डियों को सपोर्ट देने वाले सुरक्षात्मक कार्टिलेज और कोमल ऊतकों का किसी कारणवश टूटना शुरू होना है।**

इस हालत में किसी भी गतिविधि के बाद या आराम की लंबी अवधि के बाद जोड़ों का लचीलापन कम हो जाता है और वो सख्त हो जाते हैं और दर्ददायक बनते हैं।

ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए एलोपैथिक उपचार के अलावा, कुछ आयुर्वेदिक इलाज भी उपलब्ध हैं। आयुर्वेद कहता है कि शरीर में तीन जीव-ऊर्जा या दोष होते हैं, जो हमारे शरीर के विभिन्न कार्यों को नियंत्रित करते हैं। वात, कफ और पित्त यह उनके नाम हैं। जब एक व्यक्ति किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रस्त होता है, तब यह इन दोषों में असंतुलन की वजह से होता है।

ऑस्टियोआर्थराइटिस वात दोष में एक असंतुलन के कारण होता है और इसलिए ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए आयुर्वेदिक इलाज में इस दोष को संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिससे व्यक्ति को दर्द से राहत मिलने में आसानी होती है।

### ये हैं जड़ीबूटी

- **गुग्गुल** : ऊतकों को मजबूत बनाता है।
- **त्रिफला** : विषैले तत्वों को शरीर से साफ करना।
- **अश्वगंधा** : शरीर और मन को आराम और तंत्रिका तंत्र को उत्तेजना देना।
- **कॅस्टर (एरंडी)** : इस तेल को दर्द होने वाले क्षेत्र में लगाने के साथ ही इसका सेवन भी लिया जा सकता है, क्योंकि यह एक प्रभावी औषधि है।
- **बाला** : शरीर में रक्त परिसंचरण को बढ़ाने के लिए, दर्द को कम करने के लिए, नसों को ठीक करता है एवं शरीर में ऊतकों का विकास होता है।
- **शालाकी** : अपने सूजन विरोधी गुणों के लिए और शरीर की हड्डियों के करीब के ऊतकों की मरम्मत करने में सक्षम होने के गुण के लिए उपयोगी है।



# रोजाना खाएं अदरक मिलेंगे अनगिनत फायदे

**अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेटस, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं।**

अदरक एक भारतीय मसाला है जो हर घर में रोजाना इस्तेमाल होता है। अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेटस, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं। आज हम उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे। चलिए जानते है एक टुकड़ा अदरक रोजाना खाने से शरीर को किस प्रकार फायदा मिलता है।

### जी मिचलाना

जी मिचलना और उल्टी की समस्या को रोकने के लिए अदरक औषधि की तरह का काम करता है। 1 चम्मच अदरक के जूस में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसको हर दो घंटे बाद पीएं। जल्द ही राहत मिलेगी।

### गठिया दर्द में राहत

अदरक में एंटी-इन्फ्लॉमेट्री प्रॉपर्टीज होती है जो जोड़ों के दर्द को खत्म करने में सहायक है। अदरक को खाने से या इसका लेप लगाने से भी दर्द खत्म होता है। इसका लेप बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें। उसमें हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को दिन में दो बार लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

### मासिक धर्म में फायदेमंद

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत दर्द होती है। ऐसे में अदरक की चाय काफी फायदा पहुंचाती है। इसलिए दिन में 2 बार अदरक की चाय पीएं। इससे दर्द कम होगा।

### सर्दी- जुकाम और फ्लू

सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी समस्या से बचने के लिए नियमित रूप से अदरक का सेवन करें। यह शरीर को गर्म रखता है जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर गर्म बना रहता है।

### माइग्रेन का इलाज

जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है उनके लिए अदरक रामबाण है। जब भी माइग्रेन का अटैक आए, तब अदरक की चाय बना कर पीएं। इसको पीने से माइग्रेन में होने वाले दर्द और उल्टी से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### दिल को रखता है स्वस्थ

अदरक कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने, ब्लड प्रेशर को ठीक रखने, खून को जमने से रोकने का काम करता है। इससे दिल संबंधित बीमारियां भी नहीं होती है। इसलिए अपनी डाइट में अदरक को शामिल करें।

### पाचन तंत्र मजबूत

अदरक पेट फूलने, कब्ज, गैस, एसीडिटी जैसी समस्याओं को ठीक रखने में भी सहायक है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती है वह रोजान सुबह खाली पेट अदरक का सेवन करें।

### मॉर्निंग सिकनेस

मॉर्निंग सिकनेस की समस्या अधिकतर गर्भवती महिलाओं को होती है। रोजाना सुबह अदरक के 1 टुकड़े को चबा कर खाएं। कुछ दिनों तक अदरक खाने से मॉर्निंग सिकनेस की समस्या दूर हो जाएगी।

### ऊर्जा करें प्रदान

अदरक खाने से शरीर गर्म तो रहता ही है साथ ही उसे एनर्जी भी मिलती है। रोजाना सुबह अदरक वाली चाय पीने से शरीर में चुस्ती- फुर्ती बनी रहेगी।

# अनुलोम विलोम से स्वच्छ व निरोग रहती हैं नाड़ियां

**अनुलोम का अर्थ होता है सीधा और विलोम का अर्थ है उल्टा। यहां पर सीधा का अर्थ है नासिका या नाक का दाहिना छिद्र और उल्टा का अर्थ है- नाक का बायां छिद्र। अर्थात अनुलोम-विलोम प्राणायाम में नाक के दाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो बायीं नाक के छिद्र से सांस बाहर निकालते है।**

यदि नाक के बाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो नाक के दाहिने छिद्र से सांस को बाहर निकालते हैं। अनुलोम-विलोम प्राणायाम को कुछ योगीगण 'नाड़ी शोधक प्राणायाम' भी कहते हैं। उनके अनुसार इसके नियमित अभ्यास से शरीर की समस्त नाड़ियों का शोधन होता है यानी वे स्वच्छ व निरोग बनी रहती हैं। इस प्राणायाम के अभ्यासी को वृद्धावस्था में भी गठिया, जोड़ों का दर्द व सूजन आदि शिकायतें नहीं होतीं।

### प्राणायाम की विधि

- अपनी सुविधानुसार पद्मासन, सिद्धासन, स्वस्तिकासन अथवा सुखासन में बैठ जाएं। दाहिने हाथ के अंगूठे से नासिका के दाएं छिद्र को बंद कर लें और नासिका के बाएं छिद्र से 4 तक की गिनती में सांस को भरें और फिर बायीं नासिका को अंगूठे के बगल वाली दो अंगुलियों से बंद कर दें। तत्पश्चात दाहिनी नासिका से अंगूठे को हटा दें और दायीं नासिका से सांस को बाहर निकालें।
- अब दायीं नासिका से ही सांस को 4 की गिनती तक भरे और दायीं नाक को बंद करके बायीं नासिका खोलकर सांस को 8 की गिनती में बाहर निकालें।
- इस प्राणायाम को 5 से 15 मिनट तक कर सकते हैं।

### लाभ

- फेफड़े शक्तिशाली होते हैं।
- सर्दी, जुकाम व दमा की शिकायतों से काफी हद तक बचाव होता है।
- हृदय बलवान होता है। इससे हार्ट अटैक नहीं होता।

### सावधानियां

- कमजोर और एनीमिया से पीड़ित रोगी इस प्राणायाम के दौरान सांस भरने और सांस निकालने (रेचक) की गिनती को क्रमश : चार-चार ही रखें। अर्थात चार गिनती में सांस का भरना तो चार गिनती में ही सांस को बाहर निकालना है।
- स्वस्थ रोगी धीरे-धीरे यथाशक्ति पूरक-रेचक की संख्या बढ़ा सकते हैं।
- कुछ लोग समयाभाव के कारण सांस भरने और सांस निकालने का अनुपात 1-2 नहीं रखते। वे बहुत तेजी से और जल्दी-जल्दी सांस भरते और निकालते हैं। इससे वातावरण में व्याप्त धूल, धुआं, जीवाणु और वायरस, सांस नली में पहुंचकर अनेक प्रकार के संक्रमण को पैदा कर सकते हैं।
- अनुलोम-विलोम प्राणायाम करते समय यदि नासिका के सामने आटे जैसी महीन वस्तु रख दी जाए, तो पूरक व रेचक करते समय वह न अंदर जाए और न अपने स्थान से उड़े। अर्थात सांस की गति इतनी सहज होना चाहिए कि इस प्राणायाम को करते समय स्वयं को भी आवाज न सुनाई पड़े।





# एम्ब्लायोपिया स्थाई रूप से धुंधली हो सकती है दृष्टि

**जिन बच्चों की आंखों की अश्रु नलिकाएं बचपन से ही अवरुद्ध होती हैं। उनकी दृष्टि धुंधली हो सकती है। यदि जन्म के बाद शुरुआती छह से 10 साल के अंदर इसका इलाज न कराया जाए तो दृष्टि स्थाई रूप से धुंधली हो सकती है। इस बीमारी को एम्ब्लायोपिया या लेजी आई कहते हैं।**

तीन साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे जिनमें अश्रु नलिकाएं (नैसोलेक्रिमल डक्ट ऑब्सट्रक्शन-एनएलडीओ) अवरुद्ध होती हैं। उनमें एम्ब्लायोपिया बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। इनमें से छह प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जिनमें जन्म से ही यह परेशानी होती है।

### रखें सावधानी

पेंसिलवेनिया के लैनकास्टर के फैमेली आई ग्रुप के अध्ययनकर्ता नोएल एस. मैटा व डेविड आई. सिलबर्ट का कहना है कि अध्ययन में शामिल 375 बच्चों में से 22 प्रतिशत बच्चों में एम्ब्लायोपिया के खतरे के कारक थे। सामान्य आबादी में इस बीमारी की आठ गुना की दर से वृद्धि हो रही है।

### जन्मजात बीमारी

मैटा का कहना है, हमने एनएलडीओ की जन्मजात परेशानी वाले सभी बच्चों की जांच की बात कही। हमने सावधानीपूर्वक उनमें एम्ब्लायोपिया के खतरे के कारकों की मौजूदगी का अध्ययन किया।









# रात के समय कार्बोहाइड्रेड चीजें खाने से बचें

**स्वास्थ्य सही है तो शरीर सही है। शरीर सही है तो मन सही है। इसलिए अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। हम आपको बताते हैं, हेल्थ के क्या लेना चाहिए और क्या नहीं।**

शाम के पांच बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट लेना चाहिए या नहीं? यदि वजन पर नियंत्रण रखना चाहते हैं तो पांच नहीं सात बजे के बाद ऐसी चीजें खाने से बचें, जिनमें कार्बोहाइड्रेड होता है। रात के समय हमेशा ऐसी चीजें ही खाएं, जो आसानी से पच जाएं।

- केला और सेब लौह तत्वों से भरपूर हैं। इसलिए वह कटने के बाद भूरे हो जाते हैं। यह गलतफहमी है। भूरा होने की वजह आयरन नहीं एंजाइम हैं। रंग गहराने के पीछे फलों में मौजूद फिनॉलिक कंपाउंड का ऑक्सीडेशन हैं, ये कंपाउंड हवा में तैरती ऑक्सीजन के संपर्क में आने से रंग बदलते हैं।

### लो फैट का दूध लें

- दूध और उससे बने उत्पाद बचपन बीत जाने के बाद उपयोगी नहीं। दूध और दूध से बने उत्पादों में केवल प्रोटीन ही नहीं आवश्यक एमिनो एसिड, फैटी एसिड तथा कैल्शियम के साथ विटामिन ए, डी तथा मैग्नीशियम, फास्फोरस व पोटेशियम भी होता है। दूध अवश्य लें भले ही वह लो फैट हो।
- खाने में डाले गए नमक से ज्यादा नुकसानदेह है, ऊपर से नमक डालना? नमक तैयार खाने में पहले से डाला गया हो या ऊपर से मिलाया गया, उसमें मौजूद सोडियम एक समान होता है।
- आयरन का बेहतर स्रोत होने के कारण पालक ही रक्त की कमी से बचाता है। बहुत सी पत्तेदार सब्जियों में भरपूर आयरन होता है जैसे, ब्रॉक्ली में 40 मि.ग्रा., चौलाई-20 मि.ग्रा., सरसों में 16-3 मि.ग्रा., गाजर की पत्तियों में 18 मि.ग्रा. आयरन होता है, जबकि पालक में 1.1 मि.ग्रा. होता है।
- सूजी अनाज नहीं है? सूजी मैदा का दानेदार रूप है। इसमें पोषक तत्वों की मात्रा पॉलिश चावल और मैदे के समान होती है।

### एक अंडा ही रोज खाएं

- शुगर फ्री उत्पाद हेल्दी होते हैं। आमतौर पर लोग अकसर शुगर फ्री उत्पादों को लो कैलोरी मान डायबिटीज और वजन नियंत्रण के लिए उपयोगी समझते हैं, परंतु ये शुगर फ्री उत्पाद अनेक अनदेखे शुगर स्रोतों से युक्त होते हैं। इनका अधिक सेवन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है।
- अंडों में कोलेस्ट्रॉल अधिक होता है, इसलिए इसे नहीं खाना चाहिए। एक अंडे में 215 मि.ग्रा. कोलेस्ट्रॉल होता है, अकेले एक अंडे की जर्दी में 300 मि.ग्रा. कोलेस्ट्रॉल होता है, लेकिन अंडे में अन्य पौष्टिक तत्वों की बहुलता है। हाल ही में हुई रिसर्च से पता चला कि जो लोग एक अंडा प्रतिदिन खाते हैं, उन्हें अंडा न खाने वालों की तुलना में हृदय रोग का खतरा कम होता है।
- उपवास रखने से शरीर के टॉक्सिन बाहर निकलते हैं। उपवास संतुलित भोजन और अधिक कैलोरीज पर नियंत्रण रखता है, लेकिन इस दौरान रिच डाइट, फल, जूस, अधिक मेवे आदि लेने से इसका उलटा भी हो सकता है।

### चीनी ज्यादा न खाएं

- चीनी खाने से डायबिटीज होती है। यह सोच कर चीनी न खाने पर डायबिटीज नहीं होगी, गलत है। स्टार्च, फैट, प्रोटीन और चीनी जैसे अधिक कैलोरी वाले खाद्य शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ाकर डायबिटीज को जन्म देते हैं। जब शरीर कार्बोहाइड्रेट को पचाने में अक्षम हो, तभी डायबिटीज होती है।
- शहद जैसे प्राकृतिक पदार्थ शुगर का विकल्प हैं। बहुत से लोग सोचते हैं कि ये शुगर फ्री तथा कम कैलोरी वाले प्राकृतिक स्रोत हैं तथा इन्हें रिफाइन भी नहीं किया जाता, इसलिए ये नुकसानदेह नहीं। लेकिन 1 चम्मच शहद में 65 कैलोरी तथा एक चम्मच शुगर में 46 कैलोरी होती है। ग्लाइस्मिक इंडेक्स भी शहद में 87 तथा शुगर में 59 होता है।
- बिना नमक का खाना तेजी से वजन कम करता है। याद रखें कि पहले तो सोडियम के न रहने पर पानी कम होता है न कि फैट। नर्वस सिस्टम सही ढंग से काम करे, इसके लिए भी सोडियम जरूरी होता है। इसका लेवल डिप्रेशन, स्वभाव परिवर्तन और कमजोरी का कारण होता है।
- शुगर मूड को प्रभावित करती है। इंसानी दिमाग ऊर्जा के लिए पूरे तौर पर ब्लड शुगर (ग्लूकोज) पर निर्भर रहता है। इसकी कमी से हाइपोग्लीमिया का दौरा तथा कमजोरी, डिप्रेशन, दिमागी गड़बड़ियां हो सकती हैं।

### केला-दूध फायदेमंद

- रात में मेटाबॉलिज्म सिस्टम धीमा होता है। इसलिए भारी नाश्ता करना चाहिए। सुबह का नाश्ता दिन भर की ऊर्जा के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन इसके लिए भारी की जरूरत नहीं। आप केले या दूध से भी काम चला सकती हैं।
- मछली खाने के बाद दूध नहीं पीना चाहिए। ऐसा हमेशा नहीं होता। लेकिन कुछ स्थितियों में इसे मान लेना बेहतर होता है।
- बिना शुगर के फलों के जूस प्राकृतिक व शुगर फ्री होते हैं। ये लो कैलोरी जरूर होते हैं, लेकिन इसमें फ्रूकटोस होने के कारण शुगर फ्री नहीं होते।

# विधानसभा बनाने का लक्ष्य पूरा करना है: श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

### ऊर्जा मंत्री ने भाजपा के सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं संभाल मोर्चा





महेंद्र शर्मा उप संपादक
पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। ग्वालियर विधानसभा को देश की नम्बर एक विधानसभा बनाने के लक्ष्य के साथ भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व के अन्तर्गत सदस्यता अभियान की कमान संभालने रविवार को खुद ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने जन-जन को भाजपा से जोड़ने हेतु घर-घर जाकर नागरिकों को पार्टी से जोड़ते हुए कार्यकर्ताओं से जोश और समर्पण के साथ इस अभियान में हिस्सा लेने का आग्रह किया और पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने रात्रि विश्राम राजामंडी स्थित मांझी समाज के सामुदायिक भवन में किया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर विश्व में देश का नाम रोशन करने का काम किया है। जिस कारण आज प्रत्येक नागरिक भारतवासी होने पर गौरव महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की विरासत को विकास से जोड़कर भारत के प्राचीन गौरव को बड़ा रहे हैं। शासन की योजनाओं को गांव गरीब परिवार के लिए लोगों को लाभ दे रही है। उन्होंने आव्हान किया कि मैं सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि आप अपने मंडल में अधिक से अधिक नए सदस्य जोड़कर सशक्त भाजपा विकसित भारत की दिशा में हमारा साथ देकर इस अभियान को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़कर संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री ने अपने इस अभियान की शुरूआत रविवार सुबह कांच मील से की। इसके बाद जेसी मील श्रमिक लाईन, मेजर कॉलोनी, गदाईपुरा और बिरला नगर में घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ा। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर सदस्यता ली। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आग्रह को स्वीकार करते हुए देशसेवा और भाजपा की नीतियों के प्रति अपने समर्थन का परिचय दिया। उन्होंने न्यू रेशम मील, रेशम मील, प्रगति नगर और आनंद नगर में सदस्यता अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर नागरिकों को पार्टी से जोड़ा और नए सदस्यों को भाजपा परिवार का हिस्सा बनाया। इससे पहले नर सिंह नगर, संजय नगर, इंद्रा नगर, रानीपुरा और वार्ड 09 के राजा मंडी क्षेत्र में समुदायिक भवन में रात्रि विश्राम किया,सदस्यता अभियान के तहत क्षेत्र के नागरिकों जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। क्षेत्र के नागरिकों ने भाजपा की नीतियों और देशसेवा के संकल्प से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ली। यह अभियान संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ सदस्यता अभियान प्रभारी श्री दारा सिंह सेंगर, महाराजा मानसिंह तोमर मंडल अध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह तोमर, दुर्गादास मंडल अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई मंडल अध्यक्ष श्री मनमोहन पाठक, पार्षद श्री महेन्द्र आर्य, पार्षद श्री देवेन्द्र राठौर, पूर्व पार्षद श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, श्री आशीष तोमर, श्री शैलेन्द्र सिंह सिकरवार सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महर्षि बाल्मीकि जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस किया रक्तदान

ललितपुर। महर्षि बाल्मीकि जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में महर्षि बाल्मीकि जन्म उत्सव के पूर्व प्रथम दिवस सर्वप्रथम बाल्मीकि समाज एवं महर्षि बाल्मीकि जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने जेल चैराहा स्थित बाल्मीकि मंदिर पर महर्षि बाल्मीकिजी की पूजा की। पूजा अर्चना की उसके बाद महिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में जाकर बाल्मीकि समाज के जागरूक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान समिति अध्यक्ष मंजीत करौसिया ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना की और जो महाकाव्य के पाठ में उल्लेखित है। उन्हें आदि कवि के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिसका अर्थ है प्रथम कवि, क्योंकि उन्होंने पहला श्लोक खोजा, जिसने संस्कृत काव्य का आधार तैयार किया और उसका स्वरूप निर्धारित किया। रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मंजीत करोसिया, महामंत्री कुंजबिहारी बाबरा, उपाध्यक्ष आदर्श करोसिया, अशोक मारोठिया, आशीष अहारिया, अमित करोसिया, प्रियंक करोसिया, विनीत वाल्मीकि बाबा, शनि, बृजेश नहारिया, जितेन्द्र शहरदार, अभय करोसिया, नवल घावरी, अंगित करोसिया, जितेन्द्र करोसिया, भगत बांगारे आदि ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मंगलवार को समिति द्वारा फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा।

## चंदेरा पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार




श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय टीकमगढ श्री रोहित काशवानी जी के निर्देशन में, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सीताराम ससत्या जी एवं एसडीओपी जतारा श्री अभिषेक गौतम जी के मार्गदर्शन में थाना चंदेरा में पजींवद्ध अपराध क्र.162/24 धारा 64,351 (3) बीएनएस के आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की गयी टीम द्वारा संभावित स्थानो पर दबिस दी जाकर आरोपी हनुमत पिता लखनलाल यादव उम्र 46 वर्ष नि.नाके का खिरक महेवा चक्र 03 थाना चंदेरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जतारा मे पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में उनि नीतू खटीक थाना प्रभारी चंदेरा, उनि दयाराम चक्रवर्ती, आर.170 काशीराम कुशवाहा, आर.455 वेदप्रकाश शर्मा, आर.चा.667 अरविन्द, म.आर.663 अकिता, म.आर.432 रूचि जाटव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनजातीय कार्य मंत्री ने राजकुमार हिरानी को दिया राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान

भोपाल। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने 13 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध पटकथा लेखक और निर्माता-निर्देशक राजकुमार हिरानी को %राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान% (वर्ष 2023) से अलंकृत किया। प्रथम राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान वर्ष 1997 में फिल्म निर्देशक हृषिकेश मुखर्जी को दिया गया था। 27वां किशोर सम्मान पटकथा लेखक राजकुमार हिरानी को दिया गया है। समारोह में स्व. किशोर कुमार के यादगार गीतों की प्रस्तुति मुम्बई से आये मशहूर गायक नीरज श्रीधर एवं उनकी टीम द्वारा दी गई। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि स्व. किशोर कुमार एक होनहार व कुशल गायक थे। उनके गीतों से फिल्म संगीत को एक नई दिशा, एक नया आयाम मिला। वे हमेशा कहते थे कि दूध जलेबी खायेंगे, खण्डवा में बस जायेंगे। पटकथा लेखक राजकुमार हिरानी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान के लिए मध्यप्रदेश सरकार को साधुवाद दिया। बचपन से ही स्व. किशोर कुमार उनके पसंदीदा गायक रहे है, आज उनके नाम का राष्ट्रीय सम्मान पाकर वे खुद को बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। संस्कृति संचालक एन.पी. नामदेव ने श्री हिरानी के लिए प्रशस्ति-पत्र का वाचन किया और बताया कि श्री हिरानी को प्रमुख रूप से मुन्ना भाई एमबीबीएस (2003), लगे रहो मुन्ना भाई (2006) और थ्री इडियट्स (2009) जैसी मनोरंजक फिल्मों के लिए जाना जाता है। खंडवा के पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुए राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान कार्यक्रम में खण्डवा की विधायिका श्रीमती कंचन तनवे, महापौर श्रीमती अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखे? सहित ब?ी संख्या में जन-प्रतिनिधि व अधिकारी एवं संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

## पटवारी हफ्ते में कम से कम एक दिन ग्राम पंचायत में बैठें : कलेक्टर

ग्वालियर । जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पटवारी हर हफ्ते कम से कम एक दिन ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठकर ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें। सभी एसडीएम ग्राम पंचायतों में पटवारियों के बैठने के दिन निर्धारित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि केवल आदेश जारी करना ही पर्याप्त नहीं है, आदेश पर अमल विशेष महत्वपूर्ण है। इसलिए अभियान चलाकर आदेशों पर अमल कराएँ, इसमें कोई ?िलाई न हो। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन मैदान पर दिखे और लोगों को महसूस हो कि उनकी समस्याओं का समय-सीमा में समाधान हो रहा है। खासतौर पर जन-सुनवाई, टीएल इत्यादि प्लेटफॉर्म पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत किया जाए। बैठक में सीएम हैल्पलाइन, खाद वितरण, धान व मोटे अनाज का उपार्जन, पीएम जनमन, सुशासन व त्यौहारों पर कानून व्यवस्था सहित राज्य शासन के प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि दीपावली त्यौहार पर पटाखे की अस्थायी दुकानें निर्धारित स्थल पर सुरक्षा मानकों का क?ाई से पालन करते हुए लगवाई जाएँ। पटाखा दुकानों के बीच में निर्धारित मानक के अनुसार जगह खाली रहे। बिजली तारों की प्रोपर वायरिंग हो। साथ ही एहतियात बतौर फायर ब्रिगेड सहित अग्नि दुर्घटना से बचाव के पुख्ता उपाय किए जाएं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने दीपावली सहित अन्य त्यौहारों को ध्यान में रखकर पुलिस थाना स्तर पर स्थानीय लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मिल बैठकर ऐसा माहौल बनाएँ, जिससे सभी त्यौहान शांति, सदभाव व आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हों। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, कुमार सत्यम व टी एन सिंह सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## बालिका छात्रावास के लिए कोई कमी नहीं आने दी जाएगी:भायल

### कन्याओं का पूजन कर दी दक्षिणा

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



पाली-मारवाड़ जंक्शन के शारदे बालिका छात्रावास खारची में अष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन करते हुए भामाशाह भंवरलाल भायल नरसिंहपुरा ने कहा कि इस छात्रावास के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खारची के संस्था प्रधान राजीव सैनी ने बताया कि शारदे बालिका छात्रावास में गुरुवार को नवरात्रि पर्व पर विशेष रूप से कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह भंवरलाल भायल ने इस अवसर पर छात्रावास परिसर में सीसी टीवी कैमरे इन्टरनेट कनेक्शन, चद्दर एवं तकिया कवर सहित इत्यादि सुविधाएं भेंट कर बालिका को दक्षिणा प्रदान की। साथ ही सभी बालिकाओं के लिए कम्बल, स्वेटर एवं छात्रावास परिसर के रंग रोगन एवं मरम्मत कार्य करवाने की घोषणा भी अपनी तरफ से की। जिला परिषद सदस्य शैलेष वर्मा ने कहा कि भामाशाह दोनों हाथों से जन्मभूमि पर सेवा कार्य में राशि खर्च कर रहे है। भामाशाहो को सही से प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस कार्य में धन्नाराम भायल भी सहयोग प्रदान करते आ रहे है। समाजसेवी महेंद्र गर्ग ने दानदाता भंवरलाल भायल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भामाशाह धन्नाराम भायल, पार्षद सोहनलाल बंजारा,नरसिंह राम, ढलाराम, मिश्रीलाल बंजारा, अध्यापक रमेश कुमार भाटी, धीरज नगरियां,हिम्मत पटेल, वार्डन मोनिका एवं मनिषा आदि मौजूद थे।

## हमारा लक्ष्य हर नागरिक को सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र से जोड़ना है: श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री

### ऊर्जा मंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत दी घर-घर दस्तक



महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

ग्वालियर 14 अक्टूबर 2024 । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा संगठन पर्व के अन्तर्गत शुरू किए गए तीन दिवसीय सदस्यता अभियान के दूसरे दिन सोमवार को ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र के राजा मंडी, गंज, अनाज मंडी, कोटवाला मोहल्ला, गोलपाड़ा तथा गुदड़ी क्षेत्र में घर-घर जाकर नए सदस्यों को भाजपा परिवार से जोड़ा तथा पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना को जनता तक पहुंचाकर संगठन को सशक्त बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा की विचारधारा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्य, और पार्टी के विकासात्मक दृष्टिकोण के सम्बन्ध में घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से जन-जन की आवाज को बुलंद करने और देश की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा हूँ। आपका समर्थन ही मेरी ताकत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आपका यह सेवक, आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने किला गेट, सराफा, जामा मस्जिद क्षेत्र में सदस्यता अभियान के तहत भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और विकासोन्मुख नीतियों से प्रभावित होकर लोगों ने बड़ी संख्या में सदस्यता ग्रहण की। यहां ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारा लक्ष्य हर नागरिक को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत के साथ जोड़ना है। उन्होंने सोमवार शाम का भोजन भाजपा की सदस्यता लेने वाले नव सदस्य के घर किया।



**गंदगी देख ऊर्जा मंत्री ने खुद की सफाईअपने भ्रमण के दौरान स्वच्छता पखवाड़े के तहत ऊर्जा** -मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 14 के रमटापुरा तथा लोहा मंडी में गंदगी देख नगर निगम अधिकारियों से नाराजगी जताई तथा खुद नाली की सफाई की। उन्होंने नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित किया कि स्वच्छता के मुद्दे पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी वार्डों में समय पर सफाई हो। इसके साथ ही उन्होंने आमजन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया, ताकि हमारे क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ रखा जा सके। उन्होंने अपना संकल्प दोहराया कि जनता की समस्याओं का निराकरण मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा और हमेशा हर संभव समाधान के लिए तत्पर रहेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सांय कालीन का भोजन सदस्यता अभियान के अंतर्गत घासमंडी में एक नव सदस्य को भाजपा की सदस्यता दिलाने के दौरान उसके घर पर भोजन किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ भाजपा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई मंडल अध्यक्ष श्री मनमोहन पाठक, पार्षद श्री दिनेश सिंह सिकरवार, श्री राजेश चौहान, श्री सुरेश सविता, श्री जसवंत पटेल, श्री सत्यम दुबे, श्री त्रिलोक शर्मा, श्री गोपी राठौर, श्री आदेश शर्मा, श्री ओमी अरोरा तथा श्री जावेद खान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478